बिलासपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-आमवस्या, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 122 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आत्मसमर्पित युवा नक्सलियों की खुलेगी नसबंदी, 109 शहीद स्मारकों का होगा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर स्थित महानदी भवन सभागार में सोमवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों, पुनर्वासित युवाओं तथा माओवादी गतिविधियों से प्रभावित लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे पुनर्वासित युवाओं के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिनकी नसबंदी कराई गई थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे युवाओं की नसबंदी खुलवाने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में उन्होंने प्रभावित परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, शहीदों के सम्मान में स्मारकों के निर्माण तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण सहित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ित परिवारों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ क्यूआर कोड से मिलेगी शहीदों और घटनाओं की पूरी जानकारी

■ लंबित मामलों के निराकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

■ पुनर्वास और शहीद परिवारों को सहायता में तेजी लाने के निर्देश

शहीद स्मारक केवल स्मृति स्थल नहीं होगे

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य निर्माण से अब तक माओवादी हिंसा में शहीद हुए जवानों एवं दिवंगत नागरिकों की स्मृति में घटना स्थल अथवा संबंधित ग्रामों में बनाए जाने वाले 109 शहीद स्मारकों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन स्मारकों के लिए एक मानक डिजाइन तैयार कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक केवल स्मृति स्थल नहीं होंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शहीदों के बलिदान और नक्सल हिंसा की घटनाओं से परिचित कराने का माध्यम भी बनेंगे।

हिंसा में प्रभावितों को राहत पहुंचाने विशेष अभियान

उप मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण से अब तक नक्सल हिंसा में हताहत हुए लोगों के ऐसे मामलों की भी समीक्षा की, जिनमें अब तक प्रभावित परिवारों तक राहत नहीं पहुंचाई जा सकी है। उन्होंने ऐसे सभी मामलों की पहचान कर विशेष मुहिम चलाने, प्रभावित लोगों से आवेदन प्राप्त करने और पात्र हितग्राहियों को शासन की सहायता एवं राहत का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित कोई भी पात्र परिवार शासन की सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए।

गंभीर को छोड़कर अन्य मामलों का जल्द निराकरण

उप मुख्यमंत्री ने पुनर्वासित युवाओं से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यूएपीए, जनहानि जैसे गंभीर प्रकरणों को छोड़कर अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रता से निराकृत किया जाए। इसके लिए पेशेवर अधिवक्ताओं, लोक अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं का दल गठित कर सभी प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों में पृथक्करण की प्रक्रिया भी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आज बेबाक

नसीरुद्दीन शाह को एक अन्य एक्टर पीयूष मिश्रा ने करारा जवाब दिया है। जंतरमंतर पर आंदोलन के दौरान इस जाहिल ने पीएम मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे थे और कहा था कि आंदोलन पर जो एक शब्द नहीं बोल रहे उनकी जुबान में हड्डी है। इस हड्डी के ढांचे से पीयूष मिश्रा ने पूछा है कि रांची के आंदोलन पर तुम्हारे जुबान से एक शब्द भी क्यों नहीं निकल रहा है बदजुबान? वाकई रांची के छात्र आंदोलन पर नसीरुद्दीन सहित उन तमाम लोगों की जुबान को लकवा मार गया है जो काकरोचों के लिए टसुए बहा रहे थे।

सियासत : भाजपा सांसद ने पूछा- राहुल झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका का जवाब- वे छात्रों से मिल चुके

संसद परिसर में एनडीए-कांग्रेस सांसद आमने-सामने आए, जमकर नारेबाजी

नई दिल्ली/ए.। संसद परिसर में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने मंगलवार को एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए।

प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने पूछा कि राहुल झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका मुस्कुराती हुई उनके पास गईं और कहा- राहुल झारखंड गए हैं और छात्रों से मिल चुके हैं।

लोकसभा की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित: लोकसभा और राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही पहले 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर 2 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद ही हंगामे के चलते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शाह चर्चा को तैयार, छात्रों पर पुलिस एक्शन का आदेश किसने दिया गृहमंत्री बताएं : राहुल

20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र का 13 अगस्त को आखिरी दिन है। तीन हफ्तों के दौरान संसद की कार्यवाही लगातार हंगामे के कारण प्रभावित रही है। विपक्ष दिल्ली में 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की मांग कर रहा है। सरकार ने सोमवार को कहा कि अमित शाह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। हालांकि, राहुल ने कहा कि हमें शाह की राय नहीं सुननी बल्कि यह जानना है कि छात्रों पर पुलिस एक्शन का आदेश किसने दिया था।

एफसीआरए बिल को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर विचार

नई दिल्ली/ए.। विदेशी अंशदान विनियमन कानून (एफसीआरए) में संशोधन को लेकर देश की राजनीति में एक बार फिर गर्माहट आ गई है। गैर-सरकारी संगठनों और विभिन्न संस्थाओं को मिलने वाली विदेशी फंडिंग को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने के उद्देश्य से लाए जा रहे इस संशोधन विधेयक पर सरकार और विपक्ष पूरी तरह आमने-सामने खड़े हैं।

एक तरफ जहां सरकार इस कानून के जरिए विदेशी धन के संभावित दुरुपयोग को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने का तर्क दे रही है, वहीं विपक्षी दल इसे सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर सीधा हमला करार दे रहे हैं। इस बढ़ते राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने और संसद के भीतर एक सर्वसम्मत रास्ता निकालने के लिए अब सरकार विधेयक को सीधे पारित कराने के बजाय इसे संसद की संयुक्त समिति को सौंपने की रणनीतिक तैयारी में जुट गई है।

आम सहमति का रास्ता तलाश रही सरकार

विदेश से मिलने वाले फंड और अनुदान को नियंत्रित करने वाले विवादित एफसीआरए पर केंद्र सरकार बैकफुट पर जाने के बजाय आम सहमति का रास्ता तलाशती नजर आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार इस विधेयक को संसद में सीधे पेश करने से पहले इसकी विस्तृत जांच और व्यापक समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने पर विचार कर रही है।

विपक्षों दलों के प्रमुख नेताओं से बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर से बंद कमरे में बैठक की। इससे पहले वे गतिरोध खत्म करने और विधेयक पर चर्चा की जमीन तैयार करने के लिए विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ भी कई दौर की बातचीत कर चुके हैं।

'हर घर तिरंगा' को बनाएं उत्सव : प्रधानमंत्री मोदी

■ 15 अगस्त से पहले पीएम मोदी की खास अपील

नई दिल्ली/ए.। स्वतंत्रता दिवस 2026 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिए खास संदेश जारी किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर घर का उत्सव बनाने की अपील की है।

पीएम मोदी ने अपने संदेश में देशवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के साथ जुड़ने और इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्वतंत्रता दिवस से पहले बढ़ा उत्साह

15 अगस्त के नजदीक आने के साथ ही देशभर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रमों और तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। ऐसे समय में पीएम मोदी का यह वीडियो संदेश लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण अपील के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद अब सोशल मीडिया पर भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

उम्र चाहे कुछ भी हो, लापता लोगों के मामले में तुरंत एफआईआर करें : सुको

■ सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को सख्त निर्देश

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को साफ किया है कि लापता लोगों के मामले में उम्र या लिंग की परवाह किए बिना तुरंत एफआईआर दर्ज करनी होगी।

कोर्ट ने कहा कि उसके पहले के आदेश में व्यक्ति का मतलब हर व्यक्ति है, इसमें बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यह जानकर हैरानी हुई कि कुछ राज्यों को लगा कि आदेश सिर्फ बच्चों के लिए है। कोर्ट ने इसे राज्यों की ओर से उठाया गया जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण बहाना बताया। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्रिकेटर अभिषेक पोरेल हुगली में गिरफ्तार

कोलकाता/ए.। क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को मंगलवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले से गिरफ्तार किया गया है। एक मेडिकल छात्रा ने उनके खिलाफ दुष्कर्म का गंभीर मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि क्रिकेटर ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई है, क्योंकि पोरेल पर पीड़िता की निजी तस्वीरें और वीडियो लीक करने की धमकी देने का भी आरोप है। बंगाल के इस क्रिकेटर के खिलाफ यह शिकायत पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के मोगरा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी।

गरमा-गरम

शराब घोटाला: रामगोपाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

■ 3400 करोड़ के केस में होगी पूछताछ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कथित 3400 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। इससे पहले ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो) ने रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी, अब ईडी आगे की पूछताछ करेगी।

गिरफ्तारी के बाद ईडी अब उन्हें कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगने की तैयारी में है। ईडी के वकील ■ शेष पृष्ठ 8 पर

8 जुलाई को ईओडब्ल्यू दफ्तर में किया था सरेंडर

कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल करीब तीन साल तक फरार रहे। 8 जुलाई को उन्होंने ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर सरेंडर किया था। इसके बाद मेडिकल परीक्षण कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 9 जुलाई को 17 जुलाई तक की पुलिस रिमांड मंजूर की गई थी। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद 5 अगस्त तक ईओडब्ल्यू की कस्टडी में भेज दिया गया था।

सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

■ लाखों लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया, ममेरे भाई को पिंजरे में कोर्ट लाया गया

दमिश्क/ए.। सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया।

इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अतीफ के आदेश के बाद सीरिया में गृहयुद्ध भड़का

अतीफ नजीब सीरियाई सेना में ब्रिगेडियर जनरल रह चुके हैं। वह असद सरकार के सबसे बड़े अधिकारियों में से एक हैं, जिन पर अदालत में मुकदमा चला। अतीफ पर आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया था। आदेश के बाद सीरिया में विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। यह 14 साल तक चलता रहा। इस गृहयुद्ध में करीब 5 लाख लोगों की मौत हुई।

12.50 लाख के नकली नोट, 3 गिरफ्तार

■ कलर प्रिंटर से छाप रहे थे जाली नोट, पूछताछ में सामने आया पूरा नेटवर्क

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने नकली नोट बनाने और उन्हें बाजार में खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना बोडला की चौकी पोंडी और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12.50 लाख रुपए के नकली नोट, कलर प्रिंटर, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त टाटा पंच ईवी कार बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी जुलाई 2026 से कलर प्रिंटर के माध्यम से नकली नोट तैयार कर उन्हें असली रकम के रूप में चलाने की कोशिश कर रहे थे। मामला तब सामने आया जब ग्राम कमराखोल निवासी दिनेश कुमार यादव ने चौकी पोंडी में शिकायत दर्ज कराई। दिनेश ने अप्रैल 2026 में घुरवा राम को 3.75 लाख रुपए उधार दिए थे। रकम वापस मांगने पर घुरवा राम ने सतीश कुमार के माध्यम से पैसे भेजने की बात कही और दिनेश को ग्राम पोंडी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ 3.75 लाख की उधारी लौटाने के नाम पर 4.50 लाख के नकली नोट देने पहुंचे थे आरोपी

10वीं टॉपर ने फर्जी आईएएस बनकर कमाए 100 करोड़

■ एंटीलिया जैसा घर, ड्राइवरलेस टेस्ला कार, 8 अकाउंट, 20 क्रेडिट कार्ड मिले

पटना/ए.। बिहार के खगड़िया में फर्जी आईएएस अफसर मनीष गुप्ता की 100 करोड़ की संपत्ति का पता चला है। अब पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि मनीष ने कैसे ये संपत्ति जुटाई। उसे रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

41 साल के मनीष ने शादी नहीं की है। उसने करीब 7 हजार स्क्वेयर फीट जमीन पर मुकेश अंबानी जैसा घर बनवाया था, ताकि वह सब पर नजर रख सके। 8 अगस्त को उसके घर पर हुई रेड में 20 क्रेडिट कार्ड और 8 बैंक खातों का डिटेल मिला। 5 आईफोन और आईपैड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब उसका नेटवर्क खंगालने में जुटी है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि मनीष कनाडा और अमेरिका से ट्रांजैक्शन करता था। मनीष ने 12वीं तक खगड़िया में ही पढ़ाई की। 10वीं में उसने जिले में टॉप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फोन-आईपैड का पासवर्ड नहीं बता रहा

पुलिस ने आरोपी के पास से 5 आईफोन, [illegible] और 4 टीबी की हार्ड डिस्क बरामद की है। इन डिवाइस में मौजूद कॉल रिकॉर्ड, चैट, ई-मेल, सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो, वीडियो, दस्तावेज और बैंकिंग गतिविधियों से पुलिस को पूरे नेटवर्क की जानकारी मिल सकती है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि मनीष किन लोगों से संपर्क में था। लेकिन फर्जी आईएएस फोन और आईपैड का पासवर्ड नहीं बता रहा है। पुलिस अब एक्सपर्ट से मनीष का फोन-आईपैड अनलॉक करवा सकती है।

कोचरब आश्रम : 150 वर्ष पुराने बंगले में तैयार हुई सत्याग्रह की जमीन,

जहां गांधी ने आजादी की लड़ाई से पहले गढ़े सत्याग्रह के संस्कार

हेमन्त धोटे

अहमदाबाद/रायपुर/नवप्रदेश। आजादी की लड़ाई में साबरमती आश्रम की भूमिका इतिहास के पन्नों में दर्ज है, लेकिन इस संघर्ष की वैचारिक जमीन उससे पहले अहमदाबाद के कोचरब आश्रम में तैयार हुई थी। करीब 150 वर्ष पुराने एक बंगले में वर्ष 1915 में शुरू हुआ यह आश्रम गांधीजी के लिए केवल निवास नहीं, बल्कि भारत में सत्याग्रह, आत्मानुशासन, स्वदेशी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नव प्रदेश विशेष

जीवनलाल का बंगला बना आंदोलन की प्रयोगशाला

गांधीजी के मित्र और बैरिस्टर जीवनलाल देसाई का करीब 150 वर्ष पुराना बंगला कोचरब आश्रम का पहला ठिकाना बना। इसकी निचली मंजिल पर आश्रमवासी रहते थे और ऊपरी मंजिल पर बैठकें होती थीं। इन्हीं बैठकों में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े विचारों और प्रारंभिक रणनीतियों पर मंथन किया गया। यह ऐतिहासिक कक्ष आज भी 'सत्याग्रह मेमोरियल हॉल' के रूप में संरक्षित है। दक्षिण अफ्रीका के फीनिक्स सेटलमेंट और टॉल्स्टॉय फार्म में गांधीजी ने जिन प्रयोगों का अनुभव प्राप्त किया था, उन्हें भारत की सामाजिक परिस्थितियों में पहली बार कोचरब में उतारा गया।

11 व्रतों से तैयार किया सत्याग्रही का चरित्र

गांधीजी का मानना था कि राजनीतिक आंदोलन की सफलता के लिए सत्याग्रही का चरित्र भी मजबूत होना चाहिए। कोचरब आश्रम में इसी उद्देश्य से 11 जीवन-व्रतों की व्यवस्था विकसित हुई- सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अस्वाद, शारीरिक श्रम, स्वदेशी, अभय, अस्पृश्यता निवारण और सर्वधर्म समभाव। ये केवल आश्रम के नियम नहीं थे। आगे चलकर सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, निर्भयता और सामाजिक समानता जैसे विचार गांधी के नेतृत्व वाले स्वतंत्रता आंदोलन की पहचान बने। कोचरब में इन सिद्धांतों को पहले स्वयं के जीवन में उतारने और फिर समाज तक पहुंचाने का प्रयोग हुआ।

सामाजिक आजादी की लड़ाई पहले शुरू की गई

कोचरब आश्रम ने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल सत्याग्रह की राह ही नहीं दिखाई, बल्कि सामाजिक समानता को भी उसके केंद्र में रखा। गांधीजी ने दलित परिवार- दूधाभाई, दानीबेन और उनकी पुत्री लक्ष्मी को आश्रम में रहने की अनुमति दी। उस समय इस फैसले का तीखा विरोध हुआ। आश्रम को मिलने वाली आर्थिक सहायता तक बंद हो गई और उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इसके बावजूद गांधीजी अपने निर्णय से पीछे नहीं हटे। यह घटना बताती है कि उनके लिए अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता और भारतीय समाज को अस्पृश्यता से मुक्ति दिलाने की लड़ाई एक-दूसरे से अलग नहीं थीं।

तिरंगे के रंग में रंगा जगदलपुर, भारत माता के जयघोष से गूंजा शहर

- **दंतेश्वरी मंदिर से निकली भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब, हजारों विद्यार्थी और शहरवासी बने गौरवशाली कारवां का हिस्सा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला में मंगलवार को जगदलपुर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से निकली भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे शहर में देशप्रेम की ऐसी लहर पैदा कर दी, जिसमें हर उम्र के लोग शामिल होते नजर आए। हाथों में शान से लहराते तिरंगे, गगनभेदी भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों से शहर की सड़कें गूंज उठीं। ऐसा लगा मानो पूरा जगदलपुर तिरंगे की आन, बान और शान के साथ राष्ट्रभक्ति के एक सूत्र में बंध गया हो।

तिरंगा यात्रा में महापौर संजय पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव, भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और शहरवासी शामिल हुए। विभिन्न स्कूलों से पहुंचे हजारों विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों की जोशीली भागीदारी ने यात्रा को विशेष रूप से भावनात्मक और भव्य बना दिया।

प्रमुख मार्गों से गुजरा राष्ट्रभक्ति का कारवां

दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा सीरासार चौक, गोल बाजार, मेन रोड, कोतवाली, शहीद पार्क, चांदनी चौक और संजय मार्केट चौक से होकर पुनः दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने तिरंगे का अभिवादन किया। भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों के बीच सड़क के दोनों ओर राष्ट्रध्वजों की कतार दिखाई दी। विद्यार्थियों और युवाओं में विशेष उत्साह रहा तथा पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आया।

ये रहे सम्मलित

इस दौरान पूर्व महापौर सफीरा साहू,ललिता बघेल,राजकुमारी यादव, भाजपा जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही,परिश बेसरा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही,लक्ष्मण झा,सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा,योगेंद्र पांडे,त्रिवेणी रंधारी,श्वेता बघेल,संग्राम सिंह राणा,पश्चिम मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव,उमा मिश्रा, पूनम सिन्हा,पितामह नायक, आलोक अवस्थी,पारुल बोथरा,नरसिंह राव,आशा साहू,संतोष गौर, बसंती समरथ, उर्मिला यादव,गायत्री बघेल,रोशन सिसोदिया सहित एल्डरमैन यशवर्धन राव,लक्ष्मी कश्यप,अतुल कोशल, राजेश श्रीवास्तव, आशुतोष पॉल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा रैली की शुरुआत, लोगों में दिखा उत्साह

कांकेर/नवप्रदेश। देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाए। साथ ही नगरवासियों ने विद्यार्थियों को चॉकलेट व टॉफी बांटकर उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा रैली की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन कर की गई।

92 फीट तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र : इस दौरान रैली में शामिल विद्यार्थियों ने 92 फीट लंबा तथा 5 फीट चौड़ा तिरंगा का प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरे उत्साह के साथ उक्त तिरंगा को नगर के विभिन्न मार्गों व चौक-चौराहों पर लहराते हुए यात्रा निकाली, जो नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसी तरह सेंट माइकल इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों की बैंड टोली में शामिल छात्राएं राष्ट्रगीत की धुन पर वाद्य यंत्र बजाते हुए रैली में शामिल हुईं। इसके तहत नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के लिए प्रेरित किया गया, जिससे आमजन में देश भक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो।

महापौर ने कहा—राष्ट्रप्रेम केवल नारों में नहीं, कर्तव्य निभाने में है

यात्रा के दौरान महापौर संजय पांडे ने कहा कि तिरंगा हाथ में लेकर चलना केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है। तिरंगा उन वीर शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की जीवंत पहचान है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

उन्होंने कहा कि तिरंगे का केसरिया रंग साहस और त्याग, सफेद रंग सत्य और शांति तथा हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देता है।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन' की विस्तृत जानकारी दी

चारामा/नवप्रदेश। 11 अगस्त 2026 को जनपद पंचायत चारामा अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में क्षेत्र की 64 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, उप-सरपंचों और पंचों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण रोजगार ढांचे में व्यापक परिवर्तन लाना है, जिसके तहत सभी ग्रामीण परिवारों के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मिलने वाले वैधानिक रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने के विषय में विस्तार से बताया गया। यह योजना परिणाम-उन्मुख कार्यों और डिजिटली एकीकृत नियोजन के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका परिसंपत्तियों तथा आपदा प्रबंधन की तैयारी को प्राथमिकता देती है। प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-रेफरेंसिंग, डिजिटल निगरानी और समयबद्ध मजदूरी भुगतान जैसी प्रौद्योगिकी-सक्षम व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इसके अलावा अनिवार्य सोशल ऑडिट, सुदृढ़ निगरानी तंत्र और शिकायत निवारण प्रणाली इसके नियमों को और अधिक सशक्त बनाते हैं, जिससे यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को सतत ग्राम विकास और स्थायी परिसंपत्ति निर्माण के उत्प्रेरक के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.एस. कंवर, कार्यक्रम अधिकारी नोमेश कोमरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तीन वर्षों में जिले के 33 हजार से अधिक किसानों को मिली फसल बीमा दावा राशि

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए फसल उत्पादन में होने वाले विभिन्न जोखिमों से सुरक्षा का प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत जिले में विगत तीन वर्षों में औसत उपज से कम उत्पादन होने के कारण 33 हजार 200 बीमित किसानों को 68 करोड़ 99 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान बीमा कंपनी के माध्यम से किया गया है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में कांकेर जिले की 8 तहसीलों के 24 हजार 692 किसानों को 54 करोड़ 01 लाख रुपये, वर्ष 2024 में 11 तहसीलों के 04 हजार 376 किसानों को 06 करोड़ 73 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 11 तहसीलों के 04 हजार 132 किसानों को 08 करोड़ 25 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया। यह आंकड़ा बताता है कि फसल बीमा योजना फसल उत्पादन में विभिन्न जोखिमों जैसे- ओलावृष्टि, जलभराव, बेमौसम एवं चक्रवाती बारिश सहित फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में उपज में आई कमी की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक कारगार एवं लाभदायक उपाय के रूप में उभरकर सामने आया है। योजना के लाभ को देखते हुए इस वर्ष भी किसान बढ़-चढ़कर फसलों का बीमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं, अब तक 50 हजार 918 किसानों के द्वारा 91 हजार 550 हेक्टेयर का फसल बीमा कराया जा चुका है। फसल बीमा कराने के लिए शासन द्वारा 14 अगस्त तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उक्त निर्धारित तिथि तक जिले के किसान भाई इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

बिर्रेबेड़ा के ग्रामीणों को पेयजल के लिए अब तय नहीं करनी पड़ती दूरी

कांकेर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में क्रेडा के सोलर पंपों से पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जिन गांवों में पहले पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं आज सोलर पंपों से स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल गांवों के प्रत्येक घर में पहुंच रहा है। कुछ साल पहले ग्रामीण महिलाओं को पानी भरने के लिए काफी दूर चलना पड़ता था, कुओं व हैण्डपंपों पर घंटों लाईन लगानी पड़ती थी लेकिन आज स्थिति बेहतर हो गई है। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के वनांचल ग्राम बिर्रेबेड़ा में जल जल जीवन मिशन योजना के तहत् 02 नग सोलर पेयजल पंपों की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा किया गया है। सोलर पेयजल पंपों की स्थापना से उन्हें गंदे पानी की समस्याओं से मुक्ति मिली है। वर्तमान में सोलर ड्यूल पंप की स्थापना से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। सहायक अभियंता क्रेडा ने बताया कि सोलर ड्यूल पंप स्थापना के पूर्व ग्रामीण जन पेजयल हेतु ग्राम से दूर स्थल नदी, नाला कुंआ तथा ग्राम में स्थापित हैण्ड पंप पर निर्भर रहते थे, जिससे उन्हें बहुत समय, शारीरिक कष्ट एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों का पेयजल के लिए संघर्ष करने से समय अधिक व्यतीत होता था इस कारण उनके अन्य दैनिक कार्य प्रभावित होते थे, किन्तु अब ग्राम में सोलर ड्यूल पंप स्थापित हो जाने से सुगमता से सभी परिवारों को शुद्ध एवं साफपेयजल मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों का समय भी बच रहा है।

600 साल पुरानी परंपरा, 75 दिनों तक गूंजेगा बस्तर दशहरा

- **पाट जात्रा पूजा विधान के साथ कल से शुरू होगा विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्व**
- **मां दंतेश्वरी की आराधना से शुरू होकर 27 अक्टूबर को मावली माता की डोली विदाई के साथ होगा समापन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। देश में अपनी अनूठी परंपराओं के लिए प्रसिद्ध बस्तर का ऐतिहासिक दशहरा पर्व कल बुधवार 12 अगस्त को हरेली अमावस्या के अवसर पर मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में पाट जात्रा पूजा विधान के साथ शुरू होगा। करीब 600 वर्षों से चली आ रही परंपरा और लगभग 75 दिनों तक चलने वाला यह विश्व प्रसिद्ध पर्व बस्तर की लोक आस्था, संस्कृति और देवी परंपरा का अद्वितीय स्वरूप है। पाट जात्रा के दौरान पारंपरिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक और सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार तैयार करने की ठुरलू खोटला रस्म निभाएंगे। बस्तर दशहरा समिति ने सभी पारंपरिक पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों से पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया है।

24 सितंबर को डेरी गड़ाई, 10 अक्टूबर को काछनगादी, 11 अक्टूबर को कलश स्थापना और 12 अक्टूबर को जोगी बिठाई होगी। 13 से 18 अक्टूबर तक नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा, 18 अक्टूबर को बेल पूजा, 19 अक्टूबर को महाअष्टमी एवं निशा जात्रा और 20 अक्टूबर को कुंवारी पूजा, जोगी उठाई तथा मावली परघाव होगा। 21 अक्टूबर को भीतर रैनी और 22 अक्टूबर को बाहर रैनी के साथ रथ परिक्रमा होगी। 23 अक्टूबर को काछन जात्रा के बाद मुरिया दरबार, 24 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा और 27 अक्टूबर को मावली माता की डोली विदाई के साथ पर्व का समापन होगा।

परंपरा ही बस्तर दशहरा की पहचान

बस्तर दशहरा केवल विजयादशमी का पर्व नहीं,बल्कि मां दंतेश्वरी को समर्पित सदियों पुरानी लोक परंपरा है। लगभग 75 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में अनेक विशिष्ट पूजा विधान, रथ परिक्रमा और पारंपरिक रस्में निभाई जाती हैं,जो इसे देश के अन्य दशहरा पर्वों से अलग और विश्व प्रसिद्ध बनाती हैं।

शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग, सीजीटीए ने सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों के निराकरण को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कांकेर ने जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में शनिवार को प्रातःकालीन शाला संचालन, पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने,वरिष्ठता सूची में हुई त्रुटियों को सुधारने तथा वीएसके से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग प्रमुखता से रखी गई। इसके अलावा शिक्षक समस्या निवारण शिविर एवं सेवापुस्तिका सत्यापन के लिए जिला स्तर पर शिविर आयोजित करने की मांग की गई। संगठन ने 94 पदोन्नति संशोधन की काउंसिलिंग शीघ्र कराने, परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने तथा शिक्षकों को गैर-शिक्षकीय कार्यों में संलग्न नहीं करने की मांग भी रखी। वहीं ग्रीष्मकालीन एवं अन्य कार्य अवधि को अर्जित अवकाश के रूप में सेवापुस्तिका में दर्ज करने सहित शिक्षकों की अन्य लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने पर जोर दिया गया।

चारामा में 13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा पद यात्रा

चारामा/नवप्रदेश। नक्सल मुक्त बस्तर के बाद प्रवेश द्वार चारामा में पहली बार तिरंगा पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, युवाओं, माताओं-बहनों एवं नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार तिरंगा पद यात्रा 13 अगस्त, गुरुवार को सुबह 10:30 बजे समता रंग मंच चारामा से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे।

यात्रा का मार्ग समता रंग मंच से कोरर चौक, झूलेलाल मंदिर, सदर लाइन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक एवं भारत माता चौक होते हुए अटल चौक स्थित समता रंग मंच तक निर्धारित किया गया है।

आयोजकों के अनुसार यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के माध्यम से ÷एक तिरंगा, एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ तथा ÷हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा÷ का संदेश दिया जाएगा।

एनालॉग पनीर हृदय के लिए बड़ा खतरा संतुलित जीवनचर्या से बचाएं दिल

- **सीटीवीएस सर्जन डॉ. मनोज कुमार महाराणा ने बदलते मौसम में हृदय रोग से बचाव के बताए उपाय**

जगदलपुर/नवप्रदेश। एनालॉग पनीर को लेकर सामने आ रहे मामलों के बीच हृदयरोग विशेषज्ञों ने इसके सेवन से बचने की सलाह दी है। कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के हृदय एवं वक्ष रक्तवाहिका शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार महाराणा ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित भोजन के साथ नियमित व्यायाम और संयमित जीवनचर्या जरूरी है। उन्होंने एनालॉग पनीर के स्थान पर घर में तैयार या विश्वसनीय ब्रांड के पनीर का उपयोग करने की सलाह दी।

डॉ. महाराणा ने हरी पत्तेदार सब्जियां,ताजे बेरीज,बीन्स और मेवे भोजन में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने धूम्रपान और शराब को हृदय के लिए बड़ा खतरा बताते हुए इनसे पूरी तरह बचने की सलाह दी। शरीर का वजन और कॉलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखने के साथ प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट तेज चाल से चलना, साइकिलिंग, तैराकी, योग, सीढ़ियों का उपयोग तथा गहरी सांस और ध्यान को दिनचर्या में शामिल करने कहा।

कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 9 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा कैथलैब का लोकार्पण किया गया था। इसके बाद एक माह में 20 प्रक्रियाएं की गईं। इनमें 11 एंजियोग्राफी, 6 एंजियोप्लास्टी और 3 डिजिटल सब्सट्रैक्शन एंजियोग्राफी शामिल हैं।

दिल को स्वस्थ रखने के आसान उपाय

संतुलित भोजन,नियमित व्यायाम,वजन और कॉलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण,धूम्रपान व शराब से दूरी और तनाव कम रखना हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बदलते मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान देने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच भी कराते रहना चाहिए।

पर्दा हटते ही दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु,दामनजोड़ी से भी पहुंची 50 श्रद्धालुओं की टोली

भूतेश्वर महादेव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब

अनिल सामंत

जगदलपुर/नवप्रदेश। सावन मास में भगवान शिव के दर्शन और पूजन का विशेष महत्व है,लेकिन जगदलपुर के रियासतकालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में सावन की भक्ति का स्वरूप ही निराला है। पूरे सावन माह प्रतिदिन भगवान भूतेश्वर महादेव को अलग-अलग देवी-देवताओं के स्वरूप में श्रृंगारित किया जाता है। यही अनूठी परंपरा श्रद्धालुओं को यहां खींच लाती है। शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों और पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन दुर्लभ स्वरूपों के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

नवप्रदेश विशेष

सोमवार 10 अगस्त को भगवान भूतेश्वर महादेव का अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में श्रृंगार किया गया। जैसे ही मंदिर का पर्दा हटाकर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोले गए,भक्तों में भोलेनाथ के इस अलौकिक स्वरूप के दर्शन की होड़ लग गई। करीब आधे घंटे तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। चैतन्य संकीर्तन मंडली के भजनों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा और भक्त भक्ति में झूमते नजर आए।

इस विशेष दर्शन के लिए शहर के अधिकांश वार्डों से श्रद्धालु पहुंचे। ओडिशा के दामनजोड़ी से लगभग 50 श्रद्धालुओं का दल भी बस से भूतेश्वर महादेव के दर्शन करने पहुंचा। श्रद्धालु रामप्रसाद बिसोई,जानकी बिसोई,मोहन बिसोई और हेमंत सेठिया ने कहा कि उन्होंने भूतेश्वर महादेव की महिमा के बारे में जैसा सुना था, प्रत्यक्ष दर्शन के बाद उससे कहीं अधिक आत्मसंतुष्टि प्राप्त हुई।

श्रृंगार में चार वर्षों से साधना कर रहे आचार्य रोमितराज त्रिपाठी- भूतेश्वर महादेव के सावन मास के श्रृंगार की इस विशिष्ट परंपरा में स्थानीय युवा आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी की साधना और भक्ति विशेष उल्लेखनीय है। पिछले चार वर्षों से वे पूरे सावन माह प्रतिदिन भगवान भूतेश्वर महादेव को विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में श्रृंगारित कर रहे हैं। उनके हाथों से होने वाले श्रृंगार में भगवान का स्वरूप इतना जीवंत और आकर्षक प्रतीत होता है कि श्रद्धालु कुछ क्षणों तक निहारते रह जाते हैं। यही श्रृंगार अब भूतेश्वर महादेव के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की उत्सुकता का भी प्रमुख आकर्षण बन गया है।

हर दिन अलग स्वरूप, हर दर्शन में नई अनुभूति

सावन के पूरे महीने भूतेश्वर महादेव के अलग-अलग स्वरूपों का श्रृंगार श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए आकर्षित कर रहा है। प्रतिदिन होने वाले इस श्रृंगार के पीछे आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी की निरंतर साधना और भक्ति जुड़ी है। मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के बदलते स्वरूप के साथ भक्ति और आध्यात्मिक अनुभूति का भी अवसर मिल रहा है।

‘आदिवासी समाज और पर्यावरण’ विषय पर संगोष्ठी आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में ‘आदिवासी समाज और पर्यावरण’ विषय पर महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आदिवासी समुदायों के पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जैव विविधता में कमी तथा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आदिवासी समुदायों के पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान और अनुभवों को समझना तथा उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अत्यंत उपयोगी हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने की आदिवासी परंपराओं से आज की पीढ़ी महत्वपूर्ण सीख ले सकती है।

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान की वैश्विक समस्याओं का समाधान वनवासी जीवन शैली एवं परंपराओं में निहित है चाहे वह ग्लोबल वार्मिंग की समस्या हो या जल जंगल और जमीन की सुरक्षा महिला पुरुष समानता या कार्य में महिला पुरुष की समान भागीदारी सभी का समाधान वनवासी परंपराओं में निहित है वनवासियों का औषधि ज्ञान प्रकृति पूजन स्त्री पुरुष समानता खान-पान पहनावा बढ़ावा एवं उनकी रंग भरी संस्कृतियों हमें प्रेरित और उत्साहित करती हैं महिला एवं पुरुष की समान भागीदारी एक शब्द समाज की ओर इंगित करती है विकास के इस दौर में हमें इन वनवासी परंपराओं का मूल रूप में संरक्षण करना होगा तथा विकास के इस अंधे दौड़ में यह मूल परंपरा कहीं विलुप्त ना हो जाए इसके लिए अध्ययन शोध एवं विकास के नए स्वरूप को खोजना होगा। आदिवासी समुदायों की प्रकृति-केंद्रित जीवनशैली इस दिशा में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन संयोजक एवं संकायाध्यक्ष शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा डॉ. जय शंकर यादव ने दिया। संचालन डॉ. रिचा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. वी.पी. मिश्रा, डॉ. काजल मोइत्रा, डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आदिवासी परंपराओं में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में ‘आदिवासी समाज और पर्यावरण’ विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें आदिवासी समुदायों के पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और मौजूदा पर्यावरणीय चुनौतियों पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जैव विविधता में कमी और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आदिवासी समुदायों के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ना उपयोगी होगा।

न्यूज गैलरी

पदोन्नति रोकने का प्रयास अनुचित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में आयोजित विशेष बैठक के निर्णयों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया में टेट की अनिवार्यता को नियम विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षक और मिडिल स्कूलों के शिक्षक इस उम्मीद में थे कि विभाग उनकी रुकी हुई पदोन्नति को पूर्ण करने के लिए विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का ठोस निर्णय लेगा, लेकिन इसके विपरीत टेट की आड़ में पदोन्नति में नई बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। नियमों में परस्पर विरोध- वर्तमान में प्रभावी शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति नियम में पदोन्नति के लिए टेट की कोई अनिवार्यता नहीं है। विभाग की बैठक में इसे अनिवार्य बताना और भर्ती नियमों से इतर निर्देश जारी करना परस्पर विरोधी और शिक्षकों के साथ अन्याय है। वरिष्ठता के आधार पर तत्काल हो पदोन्नति- एसोसिएशन मांग करता है कि वर्तमान में सेवा-वरिष्ठता सूची के आधार पर शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया तुरंत पूरी की जावे और उन्हें वर्ष 2028 तक टेट उत्तीर्ण करने का समय व निर्देश दिया जावे।विभागीय टेट परीक्षा का हो आयोजन- शिक्षकों को अवसर प्रदान करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तत्काल विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जावे ताकि सभी पात्र शिक्षक इसमें शामिल हो सकें।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यदु, मुकेश मुदलियार, डॉ कोमल वैष्णव, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक ने चेतावनी दी है कि यदि नियमों से परे जाकर शिक्षकों के पदोन्नति अधिकारों का हनन किया गया, तो प्रदेश भर के शिक्षक इसका कड़ा विरोध करेंगे, विभाग को चाहिए कि वह विसंगतियों को दूर कर वरिष्ठता क्रम में शीघ्र अति शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करे।

कोलकाता से आ रहा था गांजा, तस्कर गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोलकाता से अमेरिकन गांजा मंगाकर बिलासपुर में खपाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार सवार आरोपी के कब्जे से 5.32 ग्राम ओजी (ओरिजनल गैंगस्टर) गांजा बरामद हुआ है। उसके पास से मोबाइल भी मिला है। पुलिस ने कार, मोबाइल और गांजा समेत 7 लाख 65 हजार का मॉल जब्त किया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।ट्रेनी डीएसपी और थाना प्रभारी आकाश चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में बाहर से नशीला पदार्थ मंगाकर सप्लाई किया जा रहा है। जिस पर पुलिस ने तस्कर को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। इस बीच पुलिस को कार में तस्कर के गांजा लेकर आने की जानकारी मिली।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने प्रेस क्लब के हमर पहुंना कार्यक्रम में कहा- पहले पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर लोगों के काम होते थे

राजनीति में काम लेकर आने वाले के चेहरे पर पार्टी नहीं, उसकी जरूरत देखनी चाहिए

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजनीति को उन्होंने केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों के काम आने का जरिया माना।

यही सोच उन्हें सामाजिक गतिविधियों से राजनीति की ओर लेकर आई। राजनीतिक सफर और अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति उम्मीद लेकर आपके पास आता है तो सबसे पहले यह नहीं देखना चाहिए कि वह किस राजनीतिक दल से जुड़ा है। उसकी समस्या देखकर उसका काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक संस्कार परिवार और वरिष्ठ नेताओं से मिले। परिवार में अधिकांश लोग सरकारी नौकरी में रहे, लेकिन उन्होंने कारोबार के साथ सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू किया। धीरे-धीरे लोगों की समस्याओं के समाधान में रुचि बढ़ी और राजनीति उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई। कारोबार भी किया, लेकिन राजनीति में सक्रियता बढ़ने के साथ व्यवसाय पीछे छूटता चला गया।

‘छत्तीसगढ़ की पहचान जल, जंगल, जमीन और आदिवासी संस्कृति से’ पर्यटन को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास देश के दूसरे राज्यों से अलग अपनी विशिष्ट पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। राज्य का सबसे बड़ा यूएसपी जल, जंगल, जमीन और आदिवासी संस्कृति हो सकता है।

दादा से सीखा राजनीति में ‘काम मतलब काम’ अपने राजनीतिक गुरु के सवाल पर उन्होंने अपने दादा को याद करते हुए कहा कि बचपन से ही उनके साथ राजनीति को करीब से देखने का अवसर मिला। लेकिन राजनीति में काम करने की वास्तविक प्रेरणा उन्हें वरिष्ठ नेता दादा से मिली।

‘राजनीति पहले ज्यादा साफ-सुथरी थी’

उन्होंने कहा कि पहले राजनीति में पक्ष-विपक्ष की सीमाएं इतनी कठोर नहीं थीं। वरिष्ठ नेता यादवजी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास अलग-अलग विचारधाराओं और दलों से जुड़े लोग भी अपनी समस्याएं लेकर आते थे। उनका मानना था कि विधायक केवल पार्टी के कार्यकर्ताओं का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधि होता है। उन्होंने कहा कि आज परिस्थितियां बदली हैं। अब कई बार यह देखा जाता है कि काम लेकर आने वाला व्यक्ति किस पार्टी से जुड़ा है। उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव से सीखा है कि जनप्रतिनिधि के पास उम्मीद लेकर आने वाले व्यक्ति की पहचान उसकी पार्टी नहीं, उसकी समस्या होनी चाहिए।

किसान को ‘अन्नदाता’ की नजर से देखने की जरूरत

किसानों की स्थिति पर उन्होंने कहा कि किसान को संदेह की नजर से देखने के बजाय अन्नदाता के रूप में सम्मान मिलना चाहिए। खासकर वनांचल क्षेत्रों में किसानों के सामने अलग तरह की चुनौतियां हैं। कभी खाद की कमी, कभी अधिक बारिश तो कभी कम बारिश, कीट प्रकोप और फसल नुकसान जैसी समस्याएं किसानों को परेशान करती हैं। उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया में गिरदावरी और एग्रीटेक जैसी व्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों की जांच और सत्यापन जरूरी हो सकता है, लेकिन इसके लिए सम्मानजनक और व्यवस्थित प्रणाली होनी चाहिए।

मनरेगा: नाम बदला, उद्देश्य वही

ग्रामीण रोजगार योजना को लेकर उन्होंने कहा कि नाम बदलने के बावजूद इसका मूल उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देना ही रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना को अच्छी योजना बताते हुए उन्होंने इसकी राशि और निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों के बीच तालमेल की जरूरत बताई।उन्होंने कहा कि योजना के तहत मिलने वाली राशि लंबे समय से लगभग डेढ़ लाख रुपये के आसपास है, जबकि इस दौरान सीमेंट, रेत और सरिया जैसी निर्माण सामग्री की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। पहले जहां कम कीमत में ट्रैक्टर रेत उपलब्ध हो जाती थी, अब उसकी कीमत कई गुना बढ़ गई है। इसी तरह सरिया और सीमेंट के दाम भी बढ़े हैं।

मलेरिया पर चिंता, स्कूलों में शिक्षकों की कमी

कोटा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को लेकर कांग्रेस विधायक ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर साल डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं, लेकिन बीमारी फैलने से पहले रोकथाम के इंतजाम नजर नहीं आते। उन्होंने व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ‘जब प्यास लगती है, तभी कुआं खोदने’ जैसी स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र होने के कारण कई इलाकों में दूषित पानी और मच्छरों के कारण हर साल मलेरिया-डेंगू का खतरा बना रहता है। पहले मच्छरदानी बांटी जाती थी और क्लोरीन की गोलियां पहुंचाई जाती थीं, लेकिन पिछले दो वर्षों से मच्छरदानी वितरण भी बंद है। उनका कहना था कि आपदा आने के बाद प्रबंधन करने के बजाय पहले से रोकथाम की व्यवस्था होनी चाहिए।

कॉलेज, आदिवासी भवन की घोषणा पर भी उठाए सवाल

उन्होंने सरकार की घोषणाओं के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोटा में महाविद्यालय खोलने की घोषणा हुए करीब डेढ़ साल होने के बावजूद अभी तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। न स्थान स्पष्ट है और न ही फंड की जानकारी। इसी तरह बिरसा मुंडा जयंती पर कोटा ब्लॉक में आदिवासियों के लिए दो करोड़ रुपये की लागत से भवन बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन उसका भी अब तक पता नहीं है। उन्होंने कहा कि ढाई साल में सरकार अपनी प्राथमिकताएं तय नहीं कर पाई है।

एमजीयूवीवी में बीएससी ऑनर्स में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू

बिल्हा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बी.एस. सी. ऑनर्स (उद्यानिकी/वानिकी) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को आगामी 18 अगस्त 2026 रात्रि 11:30 बजे तक काउंसलिंग में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करना आवश्यक है। अभ्यर्थी दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। असफल शुल्क भुगतान वाले अभ्यर्थियों के लिए 19 अगस्त रात्रि 11:30 बजे तक पुनः शुल्क जमा करने का अवसर दिया गया है।

21 अगस्त को प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय आवंटन किया जाएगा। आवंटित महाविद्यालय एवं सीट के अनुसार अभ्यर्थियों को 24 एवं 25 अगस्त को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा-पाटन, दुर्ग में दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थित होना होगा। दस्तावेज परीक्षण का समय प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। आवंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने के लिए 24 से 26 अगस्त रात्रि 11:30 बजे तक ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।

विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी, बिलासपुर में बी.एससी. ऑनर्स (उद्यानिकी) में प्रवेश भी इसी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी काउंसलिंग के दौरान उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी, बिलासपुर को भी अपनी पसंद के अनुसार चयन कर सकते हैं।सीट सुरक्षित न कर पाने वाले अथवा आगामी चरण की काउंसलिंग में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार आवेदन का अवसर उपलब्ध रहेगा। सीट निरस्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी 24 से 27 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। 31 अगस्त को स्पॉट एवं कन्वर्शन काउंसलिंग से संबंधित जानकारी तथा पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। स्पॉट काउंसलिंग के लिए 3 सितंबर तथा कन्वर्शन काउंसलिंग के लिए 4 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में प्रोविजनल सीट, महाविद्यालय आवंटन, दस्तावेज परीक्षण एवं शुल्क संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

सकारात्मक सोच का विकास करना मुख्य उद्देश्य

सीजीआईटी में द्विसाप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन, 17 तक चलेगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों के लिए 11 अगस्त से 22 अगस्त तक द्विसाप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इंजीनियरिंग की संस्थाओं में छात्र - छात्राएं विभिन्न विचारों, पृष्ठभूमियों एवं सोच के साथ प्रवेश लेते हैं अतः छात्र छात्राओं का संस्था के नए वातावरण के साथ सही तालमेल स्थापित करना एवं उनमे एक सकारात्मक सोच का विकास करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। दो सप्ताह चलने वाले इस इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न शारीरिक , बौद्धिक , कलात्मक , विशिष्ट व्याख्यान, प्रेरक व्याख्यान तथा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है । इन गतिविधियों में योग, खेलकूद, चित्रकारी, गायन , नृत्य, निबंध लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता इत्यादि शामिल हैं। साथ ही साथ छात्र छात्राओं को स्थानीय क्षेत्रों का भ्रमण भी कराया जाना है। जिससे कि छात्रों का सर्वागीण विकास हो सके। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। अपने उदबोधन में प्राचार्य डॉ एस. के. सिंघई ने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते उन्हें महाविद्यालय में परिश्रम एवं अनुसाशन का पालन करते हुए एक कुशल इंजीनियर एवं एक अच्छा इंसान बनने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने ने कहा कि यह महाविद्यालय राज्य के सबसे पुराने महाविद्यालयों में से एक है जहा से अब तक हजारों इंजीनियर उत्तीर्ण होकर देश एवं दुनियाँ के विभिन्न जगहों पर जाकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं से भी महाविद्यालय के इसी गौरवशाली परंपरा का अनुशरण करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस सत्र में डॉ सीमा चौहान, विभागाध्यक्ष (सिविल), डॉ जी. के. अग्रवाल, विभागाध्यक्ष (यांत्रिकी), डॉ के के सक्सेना, विभागाध्यक्ष (विद्युत), प्रो एस बी एस टेकाम, विभागाध्यक्ष (माइनिंग), डॉ ए. के. उपाध्याय, विभागाध्यक्ष (प्रथम वर्ष) एवं डी. एस. डब्लू सहित समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें संस्था में संचालित विभिन्न सुविधाओं, समितियों एवं क्लबों तथा इनमे होने वाले गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भारतीय स्टेट बैंक (एस. बी. आई.) मुख्य शाखा गाँधी,चौक बिलासपुर के अधिकारीयों द्वारा, महाविद्यालय के नवप्रवेशित छात्र छात्राओं हेतु वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सुश्री ज्योत्सना सिंह, मुख्य शाखा प्रबंधक, लारेन्स ए कछप, फंड मैनेजर, सुश्री अनुष्का श्रीवास्तव, वरिष्ठ लोन मैनेजर उपस्थित रहे । उन्होंने छात्र छात्राओं को बैंक में विभिन्न प्रकार के खाते खोलने, इनमे निवेश करने एवं इसके फायदों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने एस. बी. आई. द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार के लोन सुविधाओं एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं तथा डी मैट अकाउंट के माध्यम से निवेश करने के बारे में छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

टीएल बैठक: स्कूल प्रबंधनों को शो-कॉज नोटिस, जवाब के साथ विशेष बैठक में उपस्थित होने के निर्देश

निजी स्कूलों में पाठ्यपुस्तक वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निजी स्कूलों द्वारा शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई पाठ्यपुस्तकों का उठाव नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित निजी स्कूल प्रबंधनों को शो-कॉज नोटिस जारी करने तथा नोटिस के जवाब के साथ जिला कलेक्टोरेट में विशेष बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर आज जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। शासकीय स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश वितरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। ऐसे में निजी स्कूलों द्वारा पुस्तकों का उठाव नहीं किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों की लिस्टिंग एवं पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में जाना जाता है। बड़ी संख्या में युवा यहां रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था, आवश्यक सुविधाओं तथा निर्धारित मानकों के पालन की जानकारी संधारित करने और उनकी कार्यप्रणाली के लिए एसओपी की जानकारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कल तक पूरी हों स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां

बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को तैयारियां 13 अगस्त तक पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सावन महोत्सव में भंडारे का आयोजन

बिल्हा/नवप्रदेश। श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्राम मोहभट्ठा .शिव मंदिर में सावन महोत्सव के अवसर पर भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें 2500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर एव ग्रामीणों ने श्री श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के इस सेवा एवं धार्मिक कार्य की सराहना की मंडल के सदस्य अनुराग अग्रवाल, कान्हा शर्मा ,शिवम अग्रवाल, ओम अग्रवाल ,पंकज बिंदल ,योगेश बिंदल ,सुजल अग्रवाल ,रोहित शर्मा, गौतम गर्ग, आयुष अग्रवाल, ऋतिक अग्रवाल ,चिराग बंसल ,भारत बजाज ,अनीश अग्रवाल, ऋतिक गोयल ,प्रियांशु शर्मा, सनी शर्मा, प्रथम शर्मा शुभम गोयल प्रखर तयल उदित शर्मा अंकित, दिव्यांशु शर्मा ओम गर्ग , विकास ,प्रथम डोरिया ,आदि श्याम प्रेमियों पर बाबा का आशीर्वाद रहा ।

नवप्रदेश

बिलासपुर, बुधवार, 12 अगस्त 2026

Email: navpradesh@gmail.com

सुविचार

बहुत ही मुश्किल होता है किसी ऐसे शख्स को गिराना जिसे चलना ही ठोकरों ने सिखाया हो। - अज्ञात

छात्रों की गुहार सुने सोरेन सरकार

नीट पेपर लीक मामले को लेकर नई दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को लेकर जो गलती केन्द्र सरकार ने की थी उसी गलती को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दोहरा दिया है। जिस तरह नई दिल्ली में 13 दिनों के आंदोलन के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों ने अपना आपा खोया था और संसद को घेरने निकल पड़े थे। नतीजतन उनके लिए लाठीचार्ज करना पड़ा था। रांची में भी वही हुआ। 17 दिनों तक वहां छात्र धरना प्रदर्शन करते रहे लेकिन उनकी मांगो पर झारखंड सरकार ने ध्यान नहीं दिया। फलस्वरूप वहां भी छात्रों ने विधानसभा का घेराव करने का फैसला किया और उनपर भी पुलिस की लाठियां बरसी। यह ठीक है कि किसी भी संगठन को प्रदर्शन के नाम पर संसद या विधानसभा जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में घुसने की अनुमति नहीं दी जाती और जो ऐसा करने की कोशिश करते हैं उनके खिलाफ पुलिस बल प्रयोग करती ही है। यदि जिस तरह नई दिल्ली में छात्रों के उग्र प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हुआ था उससे सबक लेकर झारखंड सरकार यदि पहले ही छात्रों की गुहार सुन लेती तो वहां भी विधानसभा घेराव और छात्रों पर लाठीचार्ज की नौबत नहीं आती। हेमन्त सोरेन सरकार को चाहिए कि वह अब भी स्थिति को संभालने के लिए छात्रों की गुहार को सुने। वहां के छात्र किसी मंत्री का इस्तीफा तो नहीं मांग रहे हैं। वे बस इतना चाहते हैं कि झारखंड लोकसेवा आयोग तथा झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग द्वारा अयोजित परिक्षाओं में जो गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं उसकी सीबीआई से जांच कराई जाये किन्तु सोरेन सरकार इसके लिए तैयार नहीं है। उसने मामले की सीआईडी जांच के आदेश दिये हैं लेकिन छात्रों को राज्य सरकार के अधिन रहने वाली सीआईडी की जांच पर भरोसा नहीं है। यही वजह है कि वे आंदोलित हैं। लाठीचार्ज की घटना के बाद भी छात्रों ने अपना आंदोलन जारी रखा है अब इस मामले में भाजपा भी छात्रों के समर्थन में उतर गई है। भाजपा ने छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ एक द्विवसीय झारखंड बंद भी अयोजित किया। ईधर संसद में भी एनडीए के घटक दलों ने झारखंड में छात्रों के खिलाफ पुलिस की बर्बर कार्यवाही को लेकर संसद परिसर में नारेबाजी की। एनडीए के सांसदो ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना को लेकर राहुल गांधी लगातार संसद की कार्यवाही बाधित करवा रहे हैं लेकिन रांची के छात्रों पर जो लीठीचार्ज हुआ है उसकी वे सिर्फ एक लाइन में निंनदा करके अपने कत्वर्य की इतिश्री कर रहे हैं। अब तो सरकार राहुल गांधी के हर आरोपों का जवाब देने के लिए तैयार है लेकिन वे खुद चर्चा से भाग रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में हुए लाठीचार्ज और झारखंड में हुए लाठीचार्ज को लेकर भी संसद में बयान देंगे। लेकिन यह बयान विपक्ष से सुना नहीं जाएगा क्योंकि झारखंड में उनकी सरकार है। कुल मिलाकर झारखंड सरकार ने छात्रों पर लाठीचार्ज करा के इंडी गठबंधन को बैकफूट पर ला दिया है और भाजपा को आक्रामक होने का मौका दे दिया है। इसके पहले कि पानी सिर से ऊंचा हो जाये झारखंड सरकार को आंदोलित छात्रों से चर्चा करके समस्या का समाधान करना चाहिए।

क्या आरक्षण अब अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है?

यजुवेंद्र सिंह
अधिवक्ता

आरक्षण का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को अवसर प्रदान करना था, जो ऐतिहासिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से लंबे समय तक वंचित रहे। इसका मूल भाव था समान अवसर उपलब्ध कराना, ताकि सभी नागरिक विकास की मुख्यधारा में आ सकें।

समय के साथ भारत ने शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या वर्तमान आरक्षण व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर चुकी है, या इसमें व्यापक समीक्षा की आवश्यकता है?

कुछ प्रमुख प्रश्न विचारणीय हैं– क्या आरक्षण का लाभ केवल जातिगत आधार पर ही दिया जाना उचित है?

क्या आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को, केवल आरक्षण श्रेणी में होने के कारण, लगातार इसका लाभ मिलना चाहिए?

क्या आरक्षण का लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुँच रहा है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है?

क्या वर्तमान व्यवस्था मेधावी विद्यार्थियों में असमानता और निराशा की भावना उत्पन्न करती है?

आरक्षण का उद्देश्य किसी वर्ग को स्थायी विशेषाधिकार देना नहीं, बल्कि समाज में समान अवसरों की स्थापना करना था। यदि कोई परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम हो चुका है, तो इस पर भी विचार होना चाहिए कि क्या उसे अनिश्चितकाल तक वही लाभ मिलता रहना चाहिए।

इसी प्रकार, महिलाओं के संदर्भ में भी समय-समय पर समीक्षा आवश्यक है। आज महिलाएँ शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सेना, विज्ञान, खेल और उद्योग सहित लगभग हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध कर रही हैं। ऐसे में यह विमर्श भी आवश्यक है कि आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था समयानुकूल है या उसमें सुधार की आवश्यकता है।

मेरा मानना है कि भविष्य की नीति का आधार वास्तविक आवश्यकता होना चाहिए। दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर, बुजुर्ग, गंभीर रूप से वंचित अथवा अन्य विशेष परिस्थितियों वाले व्यक्तियों को विशेष सहायता और सुविधाएँ अवश्य मिलनी चाहिए, ताकि वे समान अवसर प्राप्त कर सकें।

अंततः, किसी भी नीति का उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और अवसरों का संतुलन स्थापित करना होना चाहिए। इसलिए यह आवश्यक है कि आरक्षण व्यवस्था की समय-समय पर निष्पक्ष समीक्षा हो, ताकि इसका लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुँचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है और सभी नागरिकों के लिए अवसरों की निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जंतर मंतर और रांची के छात्र आंदोलन की तुलना का प्रयास

राजीव खंडेलवाल

जंतर-मंतर पर चले युवा छात्र और कॉकरोच जनता पार्टी (केजेपी) के आंदोलन में प्रदर्शन स्थल पर जाने की इच्छा शक्ति व हिम्मत न दिखाने वाले पत्रकारों का एक वर्ग रांची के मुंडा स्टेडियम में जाकर ''छात्र अभ्यर्थी मंच'' के बैनर तले ''जेपीएससी एवं जेएसएससी'' की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं व पेपर लीक के विरोध में चल रहे आंदोलन की जिस तरह से रिपोर्टिंग कर ''पराक्रम के साथ परिक्रमा'' कर रहे हैं, वह इन मीडिया चैनलों की खोई विश्वसनीयता को और ''संदेह के घेरे'' में ही लाती है।

राहुल गांधी रांची क्यों नहीं पहुंचे?

रांची के धरना स्थल मुंडा स्टेडियम पर राहुल गांधी के नहीं पहुंचने को लेकर सवाल उठाने वाले पत्रकार उस सांसद निशिकांत दुबे से उनके जंतर-मंतर पर न जाने पर प्रश्न नहीं पूछ रहे हैं? जिसने रांची में आंदोलनरत छात्रों की मांग का समर्थन करते हुए 13 अगस्त से अनशन पर बैठने की घोषणा की है, जबकि ये ही महाराज, जंतर मंतर पर चल रहे केजेपी आंदोलन के छात्रों की मांग पर एक शब्द भी नहीं कहा, ''मुंह में दही जम गया'', और उल्टे तलवारबाजी हो रही है। टोपी पहनने वाले मुसलमान और बांग्लादेशी लोग समर्थन दे रहे हैं, कहकर आंदोलन को बदनाम किया। यही मीडिया का ''दोहरा चरित्र'' है।

वैसे राहुल गांधी जंतर मंतर पर नहीं पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने आंदोलन के समर्थन में अपना प्रतिनिधि राज्यसभा सदस्य पवन खेड़ा को भेजा था। रांची में भी कांग्रेस नैतिक और संगठनात्मक समर्थन दे रही है। युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई प्रमुख लोग आंदोलन में सक्रिय समर्थन दे रहे हैं। जहां राहुल गांधी ने पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे व अन्य मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री के आवास के सामने धरना दिया था। लेकिन वहीं रांची में जहां उनके समर्थन की सरकार है, से तुरंत कदम उठाने कहने की बजाय 13 दिन आंदोलन का समर्थन करने में लग गए, जब उन्होंने छात्रों के प्रतिनिधियों से फोन पर बात की। इस ''देरी'' के लिए निश्चित रूप से राहुल गांधी से प्रश्न पूछा जाना चाहिए।

मीडिया कवरेज में जमीन-आसमान का अंतर।

जंतर मंतर पहुंचे बिना ही मेंनस्ट्रीम मीडिया आंदोलन में भाग ले रहे ''जैन जी'' को ''विभिन्न उपाधियों से विभूषित'' कर रहे थे, आज वे उक्त उपाधियों का ''उच्चारण'' करना भूल कर ''चरण वंदना'' में लग गए? जिस प्रकार मीडिया द्वारा आंदोलन के शांतिप्रिय आचरण की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है, जो यथार्थ परक है। वहीं प्रशंसा के दो शब्द सरकार की सहनशीलता और शांतिपूर्ण कदम के लिए नहीं निकले, जहां देर से ही सही बातचीत के लिए सरकार ने कदम उठाये। जबकि जंतर मंतर में अनेक बाधाएं जैसे मेट्रो रोकना, कड़ी सुरक्षा चैकिंग करना, जोमैटो द्वारा की जा रही भोजन पैकेट डिलीवरी को रोकना और अंततः लाठीचार्ज और पैलेट गोली चलाना। जब छात्रों का मुद्दा, दर्द और आक्रोश वही तब फिर मीडिया का चश्मा अलग-अलग क्यों? ऐसी स्थिति में पत्रकारिता अगर सत्ता का ''आईना'' नहीं बनेगी तो वह सिर्फ सत्ता का ''प्रवक्ता'' बनकर रह जाएगी।

तुलना गलत !

वैसे दोनों आंदोलनों की तुलना करना ही मूलतः गलत होकर ''सेब और संतरे'' को मिलाना है। रांची का आंदोलन सफल जंतर मंतर आंदोलन की ''उपज'' (उत्पाद) होकर प्रथम परिणामी कड़ी है। जंतर-मंतर में 20 जून को प्रारंभ हुआ आंदोलन 25 जुलाई को समाप्त करने की घोषणा के साथ ही रांची में 25 जुलाई को अनिश्चितकालीन धरना चालू हुआ। यद्यपि 5 जुलाई से परीक्षा में धांधली के आरोप लगना प्रारंभ हो गए थे। लेकिन आंदोलन 25 तारीख से ही प्रारंभ हुआ। यदि जंतर-मंतर नहीं होता तो, शायद मुंडा स्टेडियम भी नहीं होता।

दोनों आंदोलन में अंतर।

एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि जंतर-मंतर के आंदोलन का आह्वान अकेले नवगठित कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके के आह्वान पर हुआ था, जिसमें विभिन्न छात्र संगठनों ने भाग लिया, लेकिन मंच पर बैनर सिर्फ कॉकरोच जनता पार्टी का ही था। यद्यपि कुछ समय तक एआईएसए व एआईएसएफ जो वामपंथी युवा विंग है, ने अपने पृथक बैनर तले मंच से कुछ हटकर आंदोलन में भाग लिया। ी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा भी 23 दिनों तक अनशन पर बैठी थी। तथापि वामपंथी छात्र संगठन आंदोलन के अभिन्न हिस्सा ही थे।

जबकि रांची में तीन संगठन अलग-अलग बैठे हुए थे। JPSC-JSSC Reform Manch (रिफॉर्म मंच): मुख्य मंचों में से एक। यह अभ्यर्थियों का कोर ग्रुप है, जो गैर-राजनीतिक रुख अपनाने पर जोर देता है।

अभ्यर्थी न्याय मंच (देवेंद्र नाथ महतो गुट/महतो कैंप): दूसरा प्रमुख गुट। देवेंद्र नाथ महतो (और कुछ सहयोगी) भूख हड़ताल पर हैं। महतो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) से जुड़े हैं।

AISA (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन): अलग प्लेटफॉर्म/कैंप लगाकर शामिल हुई है। उन्होंने विधानसभा मार्च भी किया। AISF आदि वामपंथी संगठनों के साथ भी सहयोग देखा गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय युवक कांग्रेस आदि ने आंदोलन में भाग लेकर सक्रिय समर्थन किया।

दोनों आंदोलन के प्रति भाजपा व विपक्ष के दृष्टिकोण में भी अंतर?

राजनैतिक पार्टियां किसी भी आंदोलन में सिद्धांत से पहले स्वार्थ तलाशते अपना उल्लू सीधा करते हैं। जंतर मंतर का आंदोलन केंद्र सरकार के विरुद्ध था, तब विपक्ष के एक बड़े हिस्से ने एक राजनीतिक अवसर की तरह देखा व मौके की मलाई की तरह भुनाया। जबकि भाजपा नेताओं ने आंदोलन की विश्वनीयता, राष्ट्रीयता तथाकथित विदेशी फंड पर ही गोले दागे। रांची में उलट स्थिति है, जहां सरकार कांग्रेस समर्थित विपक्ष की है। इसलिए वहां भाजपा सीधे आंदोलन में भाग लेकर राजनीतिक रोटियां सेक रही है, जबकि वह जंतर-मंतर से कोसों दूर थी।

कांग्रेस की जो ''सक्रियता'' जंतर मंतर के आंदोलन को लेकर रही, रांची में वह ''जोश'' गायब है। प्रयागराज में देश के किसी भी हिस्से में अहिंसात्मक छात्र आंदोलन के समर्थन की बात कहने वाले राहुल गांधी, रांची में लाठी चार्ज पर मात्र बयान देकर प्रतीकात्मक विरोध कर अनशन, धरने पर कब बैठेंगे, इसकी प्रतीक्षा है?

हमर छत्तीसगढ़ के पहिली लोक परब : हरेली तिहार

तेजबहादुर सिंह भुवाल

छत्तीसगढ़ ला धान के कटोरा कहे जाथे। इहाँ के माटी, खेती-किसानी, लोक परंपरा अउ संस्कृति के बीच में एक-दूसर ले गहरा जुड़ाय हवय। एही समृद्ध लोक संस्कृति के पहिली अउ सबले महत्तम परब आय - हरेली तिहार। सावन अमावस के दिन मनाय जाथे, ये तिहार सब पूजा-पाठ के अवसर नहीं हे, बल्कि हरियर प्रकृति, किसान, खेती, पशुधन अउ लोक जीवन के सम्मान के परब आय।

हरेली शब्द के मतलबे आय - हरियाली। जब सावन के बरखा ले धरती हरियर चुनरी ओढ़ लेथे, खेत मं धान के पौधा लहलहाय लगथे, किसान के मन मा नई आस जगथे, त पूरा छत्तीसगढ़ हरेली तिहार के रंग मं रंग जाथे। इही कारण से हरेली ला छत्तीसगढ़ के पहिली लोक परब कहे जाथे।

हरेली के दिन किसान अपन हल, नागर, रापा, कुदारी, फावड़ा, हंसिया, गाड़ी-बैला जइसने खेती के सब्बो औजार मन के साफ-सफाई करके पूजा करथें। ये

औजार के पूजा नहीं हे, बल्कि किसान के मेहनत, पसीना अउ अन्नदाता के सम्मान के प्रतीक आय। खेती मा सहयोग करे वाला गाय-बैला मन के घलो पूजा करके ओकर सेवा अउ महत्व ला याद करे जाथे। ए दिन घर के दुवारी मा नीम, भिलवा अउ दूसर औषधीय डारी लगाय जाथे। लोक मान्यता हवय कि एखर ले नकारात्मक शक्ति दूर रहिथे अउ घर-परिवार सुरक्षित रहिथे। गांव-गांव मा बैइगा, गुनिया अउ पारंपरिक वैद्य पूजा-पाठ करथें। किसान मन बढ़िया बरसा, भरपूर फसल, पशुधन के सुख-समृद्धि अउ परिवार के खुशहाली बर भगवान ले प्रार्थना करथें। हरेली के दिन गांव-देहात में घरो-घर गुड़-चीला, फरा के संग गुलगुला भजिया, चौसेला, औउ बोबरा घलो बनाए जाथे, जेखर ले हरेली तिहार के उमंग हा अउ बाढ़ जाथे। किसान मन अपन किसानी औजार के पूजा-पाठ कर गाय-बैला ला दवई खवाये जाथे, ताकि वो हा सालभर बने रहाय। गांव-देहात के संगे-संग शहर मन डाहर घलो हरेली तिहार मनाये जाथे। ऐसे माने जाथे कि हरेली तिहार बर खेती-किसानी के पहली काम हा पूरा हो जथे। यानी बोआई, बियासी के बाद किसान औउ गरवा मन आराम करथे। ये दिन गाय-गरवा मन ला बीमारी ले बचाय बर बगरंडा और नमक खवाय जाथे औउ आटा मा दसमूल-बागगोंदली ला मिलाके घलो खवाथे। गांव मा लोकगीत, नाचा-गम्मत, मांदर के थाप अउ पारंपरिक व्यंजन ले पूरा माहौल आनंदमय हो जाथे। हरेली के सबले बड़े आकर्षण मा एक आए गेड़ी चढ़ना। बांस के बने गेड़ी मा चढ़के लइका मन गांव भर घूमथें, दौड़ लगाथें अउ लोक खेल के आनंद लेथें। ऐहा गेड़ी खेल नइ हे, बल्कि छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति, संतुलन अउ उत्साह के पहचान आय।

आज के आधुनिक समय मा जिहां कई लोक परंपरा धीरे-धीरे कम होवत जात हे, ओतकेच हरेली तिहार हमन ला अपन जड़, अपन माटी अउ अपन संस्कृति ले जुड़े रेहे के सीख देथे। ये परब बताथे कि प्रकृति के बिना जीवन अधूरा हवय अउ खेती-किसानी हमर असली पहचान आय।

छत्तीसगढ़ शासन घलो हरेली तिहार ला राज्य के सांस्कृतिक पहचान के रूप मा बढ़ावा देवत हवय। गांव-गांव मा हरेली तिहार मा गेड़ी दौड़, वृक्षारोपण, कृषि औजार पूजा, लोकनृत्य अउ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करे जाथें। एखर ले नई पीढ़ी अपन लोक संस्कृति अउ परंपरा ला जाने-समझे के मौका पाथे।

आज जब पर्यावरण संरक्षण पूरा दुनिया बर चुनौती बन गे हवय, त हरेली तिहार के महत्व अउ बढ़ गे हवय। ये परब हमन ला रूख लगाय, हरियाली बचाय, पानी के संरक्षण करे अउ प्रकृति संग संतुलन मा जीए के प्रेरणा देथे।

हरेली एक तिहार नइ, बल्कि छत्तीसगढ़िया अस्मिता, किसान के सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता अउ लोक संस्कृति के गौरव के प्रतीक आय। ये परब हमन ला सिखाथे कि जेन धरती हमन ला अन्न देथे, जेन किसान मेहनत करथे अउ जेन प्रकृति हमन ला जीवन देथे, ओकर सम्मान करना हमर सबले बड़े जिम्मेदारी आए।

आवव, हरेली तिहार के पावन अवसर मा हम सब्बो हरियर छत्तीसगढ़, स्वच्छ पर्यावरण अउ अपन समृद्ध लोक संस्कृति के संरक्षण के संकल्प लेवव। इही हरेली के असली संदेश अउ हमर छत्तीसगढ़ के गौरव आए। जय छत्तीसगढ़।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिखावे का कोई रिश्ता कभी सच्चा नहीं होता, वहम कितना भी हसीं हो,मगर अच्छा नहीं होता! नदी सच की नहीं रुकती किसी रोड़े के आने से, सच्चाई सादगी में है,स्वाँग अच्छा नहीं होता! निकल आए बहुत आगे मरीचिका के भुलावे से, खिलौनों से बहल जाए, इतना कोई बच्चा नहीं होता! तुम्हारे अक्स का टुकड़ा नहीं बाक़ी फ़साने में, हो मौजूद अब भी ये भरम अच्छा नहीं होता! मेरे सपने, मेरी आशा, ध्येय ÷अंजू÷ पहाड़ों-से सफ़र पगडंडियों का ,यूँ कभी अच्छा नहीं होता!

– अंजू डोकानिया

मांझी क्या ग़लत चुने, लहरों की जो न सुने, इनसे ये नाव अब, खींची नहीं जाएगी ।। काट काट डालियों को मिटा दिया बालियों को, इनसे ये फुलवारी, सींची नहीं जाएगी ।। कैसा प्रतिघात किया, सबको आघात दिया, बरबादी देख आँख, मींची नहीं जाएगी।। क्रोध को दबायें कैसे, बीज को बचायें कैसे, कैसे मुट्ठियां यहाँ पे भींची नहीं जायेगी।। – **शालिनी शर्मा**

गर ज़मीं चाँद बन यों बिखरना अगर तुम तुझे मेरी प्यासे बुझाना ही होगा/ प्रेमी बनकर सदा याद आते होजब, मुझको जिगर मे बसाना ही होगा/ मन ख्वाबों का ऐसा समुंदर बहा कर यामिनी चाँदनी बन आना ही होगा। – **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

पूरा वामपंथन समाज और चिंटू गण गुलाबी कमीज पर फिद्दा हुए पोस्ट पर पोस्ट कर रहे हैं। कल तक जंतर मंतर की एक एक खबर शेयर कर रहे थे आज वो गुलाबी खबर में खोएं हैं। इन्हें झारखंड दिखाई नहीं दे रहा। झारखंड की खबरों को फेसबुक भी ज्यादा दिखा नही रहा। जबकि जंतर मंतर की खबरों से फेसबुक भर गया था। – **दिव्या राकेश शर्मा**

ज़िंदगी को हमेशा मन की आस के सहारे ही जिया है। हालात कितने भी मुश्किल रहे हों, उम्मीद का दामन कभी नहीं छोड़ी मैंने हर छोटी-सी खुशी को महसूस किया और हर दुख में कोई न कोई सीख तलाश ली। शायद यही वजह है कि तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद, मैंने अपनी ज़िंदगी को हमेशा ख़ास बनाए रखी हूं।

– प्रीति श्रीवास्तव

छत्तीसगढ़ के संत बाबा गुरुघासी दास जी का 11 वीं के हिंदी पुस्तक में उनके जीवन परिचय को पाठ के रूप में जोड़ा जाय और उन्हें पढ़ाया जाना चाहिए गिरौदपुरी की सांस्कृतिक धार्मिक और शैक्षणिक शिक्षा एक पाठ हो संत गुरु घासी दास जी ने ÷मनखे - मनखे एक बराबर का संदेश÷ दिए थे ... संत बाबा गुरु घासीदास जी को पढ़ना जरूरी है ।

– लक्ष्मी नारायण लहरे

ख़यालों में भी तन्हा कर गए हो सितम हद से ज़ियादा कर गए हो ख़ता मेरी थी मैंने इश्क़ समझा हक़ीक़त ही तो बतला कर गए हो जहां में एक तुम थे, एक मैं थी मेरा संसार आधा कर गए हो न बन पाए कभी तुम श्याम फिर भी मुझे दीवानी मीरा कर गए हो मिले हैं ज़ख़्म, ग़म, अश्क़ों का दरिया वसीयत में भी क्या क्या कर गए हो कभी राधा कहा करते थे मुझको सो अब तुम कूच मथुरा कर गए हो तुम्हीं कहते थे दुनिया से बचाना तुम्हीं दामन को रुस्वा कर गए हो

– ममता लड़ीवाल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। दिन के आरम्भ में थोड़ी सुस्ती रहेगी लेकिन मध्यान तक कार्यो के प्रति गंभीर हो जाएंगे। जोड़ो में दर्द एवं मुख गले संबंधित समस्या हो सकती है।

वृष: आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा। दिन के आरम्भ से ही आध्यात्म में रुचि रहेगी घरेलू पूजा पाठ के साथ धार्मिक क्षेत्र की यात्रा के अवसर भी मिलेंगे। कार्य व्यावसाय से आशा ना होने पर भी अकस्मात लाभ के समाचार उत्साहवर्धन करेंगे।

मिथुन: आज के दिन आपका स्वभाव स्वयं के दृष्टिकोण से ठीक लेकिन अन्य लोगो की नजर में अटपटा सा लगेगा। किसी से भी जल्दबाजी में वादा करेंगे।

कर्क: आज आपका स्वभाव मनमौजी रहेगा अपने मे मस्त रहेंगे आवश्यक कार्यो को भी मजबूरी में करेंगे अथवा टालने के ही प्रयास करेंगे जिससे घर के सदस्यों के साथ मन मुटाव होगा। पैतृक कारणों से की यात्रा लाभ देगी।

सिंह: आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में धन का हास कराएगा। कार्य क्षेत्र हो या किसी से व्यक्तिगत संबंध आज किसी के ऊपर भी आँख बंद कर विश्वास ना करें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा।

कन्या: आज के दिन आपको लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन आपका स्वभाव अकस्मात गर्म होने पर इससे वंचित भी रह सकते है इसका ध्यान रखें। ठंडी वस्तु के सेवन से बचे खांसी कफहो सकता है।

तुला: आज के दिन आपके अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा भक्ति भावो में डूबे रहेंगे। स्वभाव आज थोड़ा रूखा रहेगा अपने कार्य मे किसी का दखल देना या किसी का ज्ञान देना तुरंत अखरेगा शब्दो पर नियंत्रण रखें अन्यथा बैठे बिठाये झगड़ा हो सकता है।

वृश्चिक: आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाए प्रबल रहेंगी। दिन के आरंभ में पूजा पाठ के लिये समय देंगे लेकिन आज मन कही और ही भटकने के कारण मानसिक शांति और एकाग्रता कम रहेगी।

धनु: आज का दिन शारीरिक दृष्टिकोण से बीते कुछ दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा चुस्ती की कमी दिन के आरम्भ में रहेगी लेकिन मध्यान बाद से सामान्यता आने लगेगी।

मकर: बीते दिन की तुलना में आज का दिन शांतिदायक रहेगा फिर भी पुरानी बातों को भूलने का प्रयास कर नई योजना बनाने में समय का उपयोग करे आगे समय धन लाभ वाला बन रहा है।

QUIZ TIME

1. उत्तर-पश्चिमी भारत में फलने-फूलने वाले किस राजवंश के राजाओं की उपाधि 'देवपुत्र' थी?
2. वर्ष 1976 में बनी किस फिल्म के आधार में यह कहा गया है कि गुजरात के पांच लाख दुग्ध उत्पादकों ने इस फिल्म में वित्तीय सहायता प्राप्त की थी?
3. 'मेवाती और हाड़ौती' बोलियां हिंदी में किस वर्ग की बोलियाँ हैं?
4. भाषा के संदर्भ में महात्मा गाँधी ने किसका समर्थन किया?
5. आंध्र प्रदेश के पहले व्यक्ति कौन बने हैं जिन्हें 'समुराई' का सम्मान मिला है?

उत्तरमाला- (1) कुषाण (2) मंथन (3) राजस्थानी (4) हिंदुस्तानी (5) के पवन कल्याण

★ RamaQuiz ★

पहेली

शब्द सामर्थ्य -127

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल

जल-पर्यावरण संरक्षण और आजीविका का सशक्त माध्यम : मंत्री टंकराम वर्मा

■ राजस्व मंत्री ने छुहीपाली में किया सीड बॉल का बीजारोपण

■ जल और मृदा संरक्षण के साथ ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। सीड बॉल अभियान एक पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण की तकनीक है। इसमें मिट्टी, खाद और बीजों को मिलाकर छोटी-छोटी गोलियां (सीड बॉल) बनाई जाती हैं। इन्हें सूखने के बाद खाली और दुर्गम जमीनों या पहाड़ियों पर फेंक दिया जाता है। बारिश का पानी मिलने पर मिट्टी गल जाती है और बीज स्वतः अंकुरित होकर पौधा बन जाते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'सीड बॉल अभियान' को उस वक्त और बल मिला, जब राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने स्वयं धरातल पर उतरकर इसमें सहभागिता निभाई। उन्होंने सारंगढ़-बिलाईगढ जिले के सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम छुहीपाली स्थित पठारी क्षेत्र में 5 हजार सीड बॉल का वृहद बीजारोपण किया तथा नवनिर्मित डबरी की मेड़ पर 30 पौधों का रोपण किया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 'वीबीजीरामजी' योजना और 'बिहान' समूह की महिलाओं के विशेष उत्साह के बीच आयोजित इस वृहद कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री वर्मा ने स्थानीय महिलाओं से संवाद कर 'महतारी वंदन योजना' की राशि के नियमित भुगतान की जानकारी ली, जिस पर महिलाओं ने खुशी जताते हुए सहमति व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों से उनके नाम, शिक्षा और क्षेत्र में उपलब्ध स्कूली सुविधाओं के संबंध में भी आत्मीय बातचीत की।

मृदा और जल संरक्षण एवं रोजगार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि पर्यावरण को सहेजना और भू-जल स्तर को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छुहीपाली के इस पहाड़ी क्षेत्र में सीड बॉल बीजारोपण और स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण न केवल मृदा और जल संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि इससे बारिश के मौसम में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। हमारी सरकार जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने और पर्यावरण संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

जल एवं मृदा संरक्षण के लिए ट्रेंच और तालाब निर्माण

ग्राम पंचायत छुहीपाली के दो हेक्टेयर पहाड़ी ढलान क्षेत्र में 5.60 लाख रुपये की लागत से स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक निर्मित 2,400 ट्रेंचों के माध्यम से पहाड़ से बहने वाले जल की गति को रोककर भूमिगत जलस्तर को बढ़ाया जाएगा और मिट्टी के कटाव को रोका जाएगा। इसके अतिरिक्त, पहाड़ी जल को सहेजने के लिए एक नए तालाब का निर्माण भी पूर्ण किया गया है, जो क्षेत्र में जल संकट को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष,पूर्व विधायक केराबाई मनहर,कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सहित बिहान की महिला सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सावन मेले से गुलज़ार रहा आशीर्वाद भवन

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज महिला मंडल, रायपुर द्वारा आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय सावन मेले का आयोजन किया गया. समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्राजी और सचिव राजकुमार दीक्षितजी और अन्य पदाधिकारियों के साथ, महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों व समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में मेले का शुभारंभ किया गया. मेले में रायपुर के अलावा अन्य स्थानों से भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखाईद्य घरेलू ऊपयोगी सामान, हस्तशिल्प की सजावटी सामग्री एवं विभिन्न स्वादों के पकवान, वस्त्रों, ज्वेलरी और अन्य सामग्री के स्टॉल थेद्य घरेलू एवं महिला उद्यियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय का बेहतर अवसर मिला। सावन उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी अध्यक्ष और सचिव महोदय के हाथों दिए गए। लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें तीन पुरस्कार दिए गए, अन्य कई चित्ताकर्षक गेम खिलाए गएद्य पारिवारिक माहौल में मेले का समापन हुआ।

दुर्गम पहाड़ी गांव सरुवत में आंगनबाड़ी की नई शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफ्नगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरुवत इसका प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है, जहां वर्षों तक किराये के कमरे में संचालित होने वाली आंगनबाड़ी अब अपने नवीन भवन में बच्चों के समग्र विकास का केंद्र बन गई है। पहाड़ों के बीच बसे इस गांव में लंबे समय तक स्थायी भवन के अभाव में बच्चों और गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती थी। सीमित स्थान और संसाधनों के बीच संचालित केंद्र में पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रारंभिक शिक्षा गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करना चुनौतीपूर्ण था। स्थायी भवन की आवश्यकता को देखते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से इसका समाधान किया गया। वर्ष 2025-26 में विकसित भारत-जी रामजी योजना, 15वें वित्त आयोग और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को एक साथ जोड़कर सरुवत में 11.69 लाख रुपये की लागत से नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किया गया। भवन निर्माण के लिए विकसित भारत-जी रामजी योजना से 8 लाख रुपये, 15वें वित्त आयोग से 1.69 लाख रुपये तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से 2 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई। योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से गांव की वर्षों पुरानी आवश्यकता का स्थायी समाधान संभव हो सका। सरुवत का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम है। निर्माण सामग्री को भवन स्थल तक पहुंचाना भी कठिन कार्य था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद ग्राम पंचायत और स्थानीय समुदाय ने निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराया। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मार्च 2026 में भवन का निर्माण निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया गया। नया भवन अब केवल बच्चों के बैठने की जगह नहीं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और समग्र विकास के लिए सुरक्षित एवं सुविधायुक्त केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है।

सेवानिवृत्त होने से पहले ही अफसरों व कर्मियों के मामलों का करें निराकरण

■ मुख्य सचिव ने ली भार साधक सचिवों की बैठक

■ महत्वपूर्ण योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के समस्त विभागों के भार साधक सचिवों की बैठक ली। बैठक में विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न प्रकरणों के निराकरण उनके सेवा निवृत्त होने से पहले ही तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की सूची विभागावार नियतकालिक अवधि में बनायी जाए। विभागों में रिक्त पदों की सूची एवं बैकलॉक के पदों पर सेटअप बनाकर भर्ती प्रक्रिया पूरी करें। मुख्य सचिव ने विभागीय सचिवों को उनके विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सूचना के अधिकार, सेवा सेतु, लोक सेवा गारंटी, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति, डी रेगुलेशन, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई। बैठक में बताया गया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 728 सेवाएं को नोटिफाइड हो चूकी है।

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आई-गॉट के तहत विभागवार चिन्हित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जाये। अधिकारी-कर्मचारियों को आई-गॉट के तहत विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाने कहा है। अधिकारी- कर्मचारियों के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण के कार्ययोजना बनायें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि रिफार्म के तहत अपने-अपने विभागवार जानकारी तैयार करें। आगामी दिनों में रिफार्म उत्सव अभियान का आयोजन होगा। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव सुषमा सावंत, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव शहला निगार, वित्त एवं जनसम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, मुख्यमंत्री एवं सुशासन अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, ऊर्जा विभाग के सचिव सारांश मित्तर, श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

भारत मंडपम, भूमि पूजन समारोह में कैट के शीर्ष नेतृत्व ने लिया भाग

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 में हिस्सा लेने हेतु छत्तीसगढ प्रदेश एवं जिला स्तर के लगभग 150 पदाधिकारी, विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं व्यापारी बंधुओं ने दिल्ली रवाना हुए। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज देश के व्यापार और उद्यमिता को नई दिशा देने वाले ÷भारतीय व्यापार महोत्सव 2026÷ के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन का भूमि पूजन समारोह आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में पूरे वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समारोह में CAIT के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया जी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी, तथा नेशनल चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल जी के साथ CAIT के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। सभी ने महोत्सव के सफल, सुरक्षित एवं भव्य आयोजन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 केवल एक व्यापारिक आयोजन मात्र नहीं है। यह स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने वाला ऐतिहासिक मंच बनेगा। पारवानी ने कहा कि यह महोत्सव भारत की उद्यमशीलता, व्यापारिक शक्ति, स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी सामर्थ्य को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाएगा।

धान बेचने की चिंता थी, समाधान घर की चौखट पर मिला

■ बोगी बाई के लिए घर बना सरकारी सेवा का केंद्र, मौके पर हुआ एग्रीस्टैक पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल शासन की सबसे बड़ी सफलता तब मानी जाती है जब तकनीक आम नागरिक के लिए सुविधा बन जाए। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के महादेवपुर गांव में ऐसी ही एक संवेदनशील पहल देखने को मिली, जहां वृद्ध महिला किसान बोगी बाई को एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। प्रशासनिक टीम स्वयं उनके घर पहुंची और मौके पर ही पंजीयन की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। उम्र के इस पड़ाव पर खेती ही बोगी बाई की आजीविका का प्रमुख आधार है। उनके खेत में उगने वाला धान पूरे वर्ष की आर्थिक उम्मीद से जुड़ा है। जब उन्हें जानकारी मिली कि एग्रीस्टैक पंजीयन नहीं होने पर डिजिटल क्रॉप सर्वे, धान बिक्री और कृषि से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं के लाभ में कठिनाई आ सकती है, तो स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ गई। डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी और तकनीकी संसाधनों की कमी उनके लिए बड़ी बाधा थी।

महादेवपुर निवासी बोगी बाई के पास लगभग 6.87 हेक्टेयर कृषि भूमि है। प्रशासनिक टीम ने उनकी स्थिति को समझते हुए घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया और एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें डिजिटल कृषि व्यवस्था से जोड़ दिया।

छत्तीसगढ़ को 'GeM सस्टेनेबल प्रोक्योरमेंट अवार्ड' शासकीय खरीदी दोगुनी होकर 3,935 करोड़ पहुंची

■ प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया से वर्ष 2025-26 में राज्य को 130 करोड़ की बचत

खुली प्रतिस्पर्धा से 130 करोड़ की बचत

GeM प्लेटफॉर्म पर पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ शासन को 130 करोड़ की बचत हुई है। यह बचत विभागों द्वारा खरीदी के लिए अनुमानित लागत और खुली प्रतिस्पर्धी बोली के बाद प्राप्त वास्तविक बाजार मूल्य के अंतर से हुई है।

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (त्द्गरू) के 10वें स्थापना दिवस समारोह में 'त्द्गरू सस्टेनेबल प्रोक्योरमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। त्द्गरू के एक दशक पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह की थीम 'GeM 10: A Decade of E&ponential Possibilities' रही।

राज्य सरकारों के लिए निर्धारित 'प्रीमियर अवार्ड्स – स्टेट गवर्नमेंट फेलिसिटेशन' श्रेणी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार त्द्गरू के प्रभावी उपयोग तथा इसके माध्यम से शासकीय खरीदी के मूल्य और मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए प्रदान किया गया है।

GeM की खुली बोली प्रक्रिया, मानकीकृत विनिर्देश और प्रत्येक लेन-देन का डिजिटल एवं ऑडिट योग्य रिकॉर्ड शासकीय खरीदी में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में प्रतिस्पर्धी खरीदी के माध्यम से राज्य शासन को कुल 235 करोड़ की बचत हुई है। खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित जांच और निगरानी व्यवस्था लागू है। साथ ही निविदा की शर्तों एवं तकनीकी विनिर्देशों की नियमित समीक्षा की जाती है, जिससे खरीदी की गुणवत्ता सुनिश्चित होने के साथ बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता बनी रहे। छत्तीसगढ़ में त्द्गरू के माध्यम से शासकीय खरीदी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर ?3,935 करोड़ पहुंच गई।

सदाचार ही प्रथम धर्म, इसे अपनाकर मिलेगी दुख-दुर्गति से मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास में धर्म और आत्मचिंतन की ज्ञानधारा प्रवाहित हो रही है। परम पूज्य मुनि संवेगरत्न सागर जी म.सा. के मुखारबिंद से श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन जिनवाणी का श्रवण कर आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं।

धर्मसभा में मुनि ने कहा कि जीवन में दुख आना स्वाभाविक है, लेकिन दुख के प्रति हमारी प्रतिक्रिया ही उसके प्रभाव को तय करती है। यदि दुख का प्रतिकार करते रहेंगे तो वह हावी होता रहेगा, लेकिन दुख को सहजता से स्वीकार कर लिया जाए तो उसका प्रभाव कम हो जाता है। अनाचार का सेवन करेंगे तो भव-भ्रमण चलता रहेगा और सदाचार को जीवन में उतारेंगे तो भव-भ्रमण समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुनि ने कहा कि सदाचार ही प्रथम धर्म है। केवल अच्छे विचार सुनना या ग्रहण करना पर्याप्त नहीं है, जब तक उन्हें जीवन के आचरण में नहीं उतारा जाएगा, तब तक वे केवल विचार बनकर रह जाएंगे। जिनवाणी सुनने के बाद यदि आचार को प्राथमिकता नहीं दी तो उसके वास्तविक मर्म को आत्मसात नहीं किया जा सकता। मुनि ने कहा कि जो जीव अनाचार और दुर्ध्यान में अपने जीवन को व्यर्थ करता है, उसकी रुचि भी धीरे-धीरे उन्हीं प्रवृत्तियों में बढ़ने लगती है। इसके परिणामस्वरूप दुख, दुर्गति और पीड़ा का चक्र लगातार चलता रहता है। बार-बार अनाचार का सेवन करने से जीव स्वयं को उसी चक्र में बांधता चला जाता है। यदि अनाचार का त्याग कर दिया जाए तो दुख, दुर्गति और पीड़ा से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। मुनि ने कहा कि मिथ्या दृष्टि वाले जीव के जीवन में आचार कम होता है, जबकि सम्यक दृष्टि वाले जीव के जीवन में आचार निरंतर बढ़ता जाता है। इसलिए केवल अनाचारों का ज्ञान बढ़ाना समाधान नहीं है। जीवन में सदाचार को बढ़ाना आवश्यक है।

मुनि ने कहा कि ज्ञान ध्यान में रहना जरूरी है। ज्ञान ध्यान ही जीवन में आचार और अनाचार के बीच विवेक का बोध कराते हैं। आचार व्यक्ति को जीवन में ऊंचाई की ओर ले जाता है, जबकि अनाचार उसे पतन की ओर धकेलता है।

मुनि ने कहा कि अनाचार का व्यसन इतना गहरा हो जाता है कि जीव उसमें जाने के लिए भी खूब पुरुषार्थ करता है,लेकिन जितना अधिक समय अनाचार और दुर्ध्यान में बीतेगा, उतना ही जीव मोक्ष मार्ग से विमुख होता जाएगा। इसलिए जिनवाणी को केवल सुनने तक सीमित न रखते हुए उसे जीवन के आचरण में उतारना उद्देश्य हो।

पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड कम्यूनिटी के प्रतिनिधिमंडल का रायपुर आगमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड कम्युनिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक कार्यक्रम ÷बिजनेस कनेक्ट÷ में शामिल होने के लिए पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल आज रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुँचा। एयरपोर्ट पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्वोत्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड कम्यूनिटी के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से PCCC दिल्ली NCR के चेयरमैन अजय खेमानी, वाइस चेयरमैन सुशील अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश सोनी तथा कार्यकारी सदस्य एवं स्टार सीमेंट निर्माता पंकज केजरीवाल शामिल हैं। इनके साथ ही बीकानेरवाला, रेक्सिन व ग्रैनाइट व्यवसायी नवरतन अग्रवाल, मोटिवेशनल स्पीकर एवं एग्रीकल्चर ड्रोन निर्माता डॉ. शंकर गोयनका, स्टील प्लांट उद्योगपति उदय चैधरी, फंडिंग व बिजनेस डेवलपमेंट विशेषज्ञ सारंग अग्रवाल, ट्रैवल्स एवं फाइनेंस विशेषज्ञ सीए उमेद कुमार जैन, CSA ग्रुप के संतोष मित्तल, रियल एस्टेट क्षेत्र से विजय अग्रवाल व गोपाल अग्रवाल, कॉरपोरेट गिफ्ट व्यवसायी पंकज अग्रवाल तथा IT सेक्टर से लोकेश खेतान रायपुर पहुँचे हैं। छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योगों को पूर्वोत्तर राज्यों तक विस्तार देने के उद्देश्य से कल दोनों चेम्बरों के संयुक्त तत्वावधान में ÷बिजनेस कनेक्ट÷ का विशाल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें BwB मीटिंग्स, बिजनेस नेटवर्किंग और मार्केट एक्सचेंज पर विस्तृत चर्चा होगी।

नकली खाद की शिकायत पर विवाद गहराया, शिकायतकर्ता को कथित धमकी देने का आरोप

पखांजूर/नवप्रदेश।। नकली खाद की शिकायत और कृषि विभाग की जांच के बीच अब शिकायतकर्ता को कथित रूप से धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। किसान हित में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कृषि विभाग की जांच के दौरान उस पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया तथा गाली-गलौज करते हुए दुकान एवं व्यवसाय बंद कराने, फर्जी मामले में फंसाने और गंभीर परिणाम भुगतने जैसी धमकियां दी गईं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, असीम पाल, जो स्वयं को कृषि आदान विक्रेता संघ का अध्यक्ष बताते हैं, ने फोन कर कथित रूप से कहा कि उन्हें शिकायतकर्ता के लॉज के सामने निगरानी की ड्यूटी दी गई है। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने बाहर आकर इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया तो कथित रूप से विवाद की स्थिति निर्मित हुई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस दौरान उसके साथ गाली-गलौज की गई और उसे विभिन्न मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति ने स्वयं के पूर्व पुलिसकर्मी होने और पुराने मामलों का हवाला देकर प्रभाव दिखाने का प्रयास किया।

निगरानी किसके आदेश पर?

उठे कई गंभीर सवाल : मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि असीम पाल को वास्तव में शिकायतकर्ता की निगरानी के लिए भेजा गया था तो यह जिम्मेदारी किस विभाग अथवा अधिकारी ने सौंपी थी? क्या इसके लिए कोई लिखित आदेश या आधिकारिक अनुमति जारी की गई थी? किसी निजी व्यक्ति को शिकायतकर्ता की गतिविधियों पर नजर रखने का अधिकार किस आधार पर दिया गया?

कृषि विभाग की जांच के दौरान सामने आया विवाद

बताया गया कि पीवी-104 में किसान प्रशांत सरदार द्वारा नकली खाद संबंधी शिकायत किए जाने के बाद कृषि विभाग के अधिकारी जांच के लिए खेत पर पहुंचे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, किसानों के आग्रह पर वह भी जांच के दौरान मौके पर मौजूद था। इसी दौरान कथित निगरानी और धमकी को लेकर विवाद सामने आया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उसने पुलिस को फोन करने की बात कही तो संबंधित व्यक्ति वहां से चला गया। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने का दावा भी शिकायतकर्ता ने किया है।

इसके अलावा कृषि आदान विक्रेता संघ के आधिकारिक स्वरूप और उसके सदस्यों की संख्या को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि किसान हित में की गई शिकायत के बाद यदि शिकायतकर्ता पर ही दबाव या धमकी के आरोप सामने आते हैं, तो यह शिकायतों की निष्पक्ष जांच और किसानों के विश्वास से जुड़ा गंभीर विषय है। मामले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सार्वजनिक किए जाने की बात कही गई है।

बस्तर में विकास, देश में विश्वास स्थापित करेगी 'बस्तर तिरंगा यात्रा'

- **नक्सलवाद के खात्मे के बाद 90 से अधिक गांवों में पहली बार शान से लहराएगा तिरंगा : विजय शर्मा**

रायपुर-जगदलपुर। नव प्रदेश बस्तर में नक्सलवाद के निर्णायक अंत के बाद पहली बार स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व की पूर्व संध्या पर 'बस्तर तिरंगा यात्रा' के माध्यम से बदले हुए बस्तर की तस्वीर देश के सामने रखने की तैयारी है। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 12 से 14 अगस्त तक चलने वाली यह ऐतिहासिक यात्रा बस्तर में विकास और देश में विश्वास स्थापित करने का संदेश देगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में माओवाद के विरुद्ध अभियान के परिणाम अब बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यात्रा 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे नारायणपुर से शुरू होकर करीब 150 किलोमीटर की दूरी तय कर दंतेवाड़ा पहुंचेगी। 13 अगस्त को दंतेवाड़ा से बीजापुर तथा 14 अगस्त को बीजापुर से आवापल्ली,उसूर,कलगम और ताड़पाला होते हुए कुर्रेगुटालू पहाड़ी में इसका समापन होगा। शर्मा ने कहा कि 31 मार्च 2026 के बाद यह पहला स्वतंत्रता दिवस है, जब बस्तर के अति संवेदनशील रहे क्षेत्रों में तिरंगा पूरी आन-बान-शान से लहराएगा।

90 से अधिक गांवों में पहली बार ध्वजारोहण

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी 2024 से बस्तर के अनेक दुर्गम गांवों में राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण हो रहा है। इस बार 90 से अधिक गांवों में आजादी के बाद पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तरवासी अब स्वयं को सही मायनों में स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं। यात्रा के दौरान नक्सली हिंसा के 31 प्रमुख स्थलों पर पहुंचकर शहीद जवानों और निर्दोष ग्रामीणों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इनमें चिंगावरम,एर्राबोर,मनीकोंटा और ताड़मेटला जैसे स्थल शामिल हैं। 15 अगस्त को उप मुख्यमंत्री झीरम घाटी पहुंचकर शहीदों को नमन करेंगे।

तिरंगे के साथ बदले बस्तर की तस्वीर

'बस्तर तिरंगा यात्रा' का उद्देश्य केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराना नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों में स्वतंत्रता, सुरक्षा और विकास का विश्वास मजबूत करना है,जो वर्षों तक नक्सली हिंसा के साए में रहे। 90 से अधिक गांवों में पहली बार तिरंगा फहराना इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रतीक माना जा रहा है।

शहीदों की मिट्टी से बनेगा स्मारक-संग्रहालय

यात्रा के दौरान शहीद जवानों और ग्रामीणों की शहादत से जुड़े स्थलों की मिट्टी एकत्र की जाएगी। इस पवित्र मिट्टी से रायपुर में शहीद स्मारक एवं संग्रहालय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 अगस्त को बस्तर संभाग के 500 से अधिक स्कूलों, चौराहों और सामुदायिक भवनों के नामकरण अमर बलिदानियों के नाम पर करने की घोषणा करेंगे। यात्रा में पुलिस-प्रशासन, युवा, जनजातीय समाज, जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल होकर बस्तर के सुरक्षित और नए भविष्य का संदेश देंगे।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने तिरंगा यात्रा के मार्ग एवं कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण'

नारायणपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे की भावना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में 12 अगस्त को तिरंगा हमारा, गौरव हमारा थीम पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर नम्रता जैन एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल ने तिरंगा यात्रा के निर्धारित मार्ग एवं कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तिरंगा यात्रा नारायणपुर से कन्हारगांव तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को नमन करने के साथ युवाओं में राष्ट्रभक्ति, देश के प्रति समर्पण, एकता, भाईचारा एवं सद्भावना की भावना को मजबूत करना है।

शहादत को सलाम, हर घर तिरंगे के नाम – बीजापुर में गूंजा देशभक्ति का संदेश

बीजापुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के तहत बीजापुर जिले में व्यापक स्तर पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों में तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान ÷भारत माता की जय÷ और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। बीजापुर जिला लंबे समय तक माओवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है। 31 मार्च 2026 को जिले के नक्सल मुक्त होने के बाद यह स्वतंत्रता दिवस जिले के लिए विशेष महत्व रखता है। चार दशकों के माओवादी प्रभाव से मुक्त होने के बाद जिले में पहली बार आजादी का पर्व नए उत्साह और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। जिले को माओवाद से मुक्त कराने के दौरान वीरगति प्राप्त जवानों के बलिदान को नमन करते हुए संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया और उनके अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान अधिकारियों ने परिजनों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा में जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके साहस और समर्पण से आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती रहेगी। जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालयों में आयोजित तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर सहभागिता की। रैली के दौरान बच्चों एवं नागरिकों ने ÷भारत माता की जय÷ तथा देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त की। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान करते हुए स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक घर तक तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाना है।

रामलला के दर्शन को रवाना हुआ बीजापुर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा माहौल

बीजापुर/नवप्रदेश। । अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की अभिलाषा लिए बीजापुर जिले के श्रद्धालुओं का जत्था रामलला दर्शन रथ के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला। रथ रवाना होने के दौरान ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रामलला दर्शन रथ को जनपद सदस्य श्रीमती धनेश्वरी बाकड़े, एसडीएम जागेश्वर एवं नोडल अधिकारी श्री मुकेश देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक श्री संजय लुंकड एवं श्री अशोक रावत सहित अन्य गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य और भावुकता का क्षण होगा। रामलला के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने यात्रा के लिए अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की अविस्मरणीय धार्मिक यात्रा होगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को सुखद, मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। रामलला दर्शन यात्रा के माध्यम से जिले के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। आस्था, श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा बीजापुर से अयोध्या तक ÷जय श्रीराम÷ के संदेश के साथ रवाना हुई।

एमसीबी की 8 ग्रामसभाओं में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर (आदिवासी विकास) कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिले में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के पत्र क्रमांक / GNCOR/19316/2026- FRA ST-SC HOD अटलनगर दिनांक 28 जुलाई 2026 के माध्यम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-JGUA) के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की 08 ग्रामसभाओं के लिए सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना के प्रस्तुतीकरण एवं क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके तहत जिले में चयनित किए जाने वाले ग्रामों के लिए तकनीकी सहयोगी संस्थाओं, सिविल सोसायटी ऑर्गेनाइजेशन एवं स्थानीय संस्थाओं का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। तकनीकी सहयोगी संस्था के चयन के लिए निर्धारित अनिवार्य मापदंडों के अनुसार संस्था द्वारा ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं के माध्यम से आजीविका संवर्धन एवं वन प्रबंधन में अभिसरण के माध्यम से सहयोग हेतु प्रयास किया गया होना आवश्यक है। आवेदक संस्था का सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 अथवा राज्य सोसायटी पंजीकरण के तहत सोसायटी या सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में, अथवा कंपनी अधिनियम 2013 के तहत गैर-लाभकारी संस्था के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

पिपरौद में विश्व आदिवासी दिवस धूम-धाम से मना

चारामा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पिपरौद में विश्व आदिवासी दिवस का 32 वा वर्ष बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। गांव में त्यौहार जैसे माहौल से कम नहीं था।जिसमें गांव में सभी समाज के साथ पूरे काम धाम बंद कर सामाजिक समरसता का विशाल उदाहरण पेश किया। गांव में आदिवासी भवन में स्थापित आदि शक्ति बूढ़ा देव जी का पूजन अर्चन कर गांव में कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाला गया। आदिवासी समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी पाराम्परिक वेश भूषा में नजर आए जो काफी आकर्षण का केंद्र था।जिसमें गांव के प्रत्येक घर में उस शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। और पूजन किया गया यात्रा के पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बने मंच पर किया। जिसके मुख्य अतिथि ग्राम के पटेल श्री रामप्रसाद सिन्हा जी थे अध्यक्षता आदिवासी समाज के प्रमुख श्री सुमन लाल कुंजाम, अति विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत पिपरौद के सरपंच श्री मती लता संतोष मंडावी थे विशिष्ट अतिथि के क्रम पर श्री मती प्रियंका निषाद,श्री श्यामलाल साहू,श्री कैलाश ठाकुर,श्री मोती देवांगन,श्री गोवर्धन सेन,श्री संतोष मंडावी, श्री परमा राम पटेल,श्री दुकाल निषाद, देवेन्द्र बोथरा, श्री धीरज शर्मा, श्री जॉन्सन वाडेकर, रेखा यादव, चांदनी विश्वकर्मा, श्री प्रकाश साहू, असवन निषाद, मनोज देवांगन, मिनेश साहू, घाशी निषाद, जोहर साहू,सुंदर साहू आदि पूरे गांव के महिला पुरुष लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन समाज के प्रमुख श्री शिवलाल कावड़े ने किया सरपंच महोदया ने समाज को किश तरह आगे बढ़ाया जा सके उस पर जोर दिया तथा मुख्य अतिथि ग्राम पटेल ने आदिवासी समाज के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए गांव में समाज में सामाजिक समरसता को ले कर चलने की बात कही ग्राम गायता श्री बिहारी कावड़े का महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम में समाज के युवक युक्ति प्रभाग के संरक्षक श्री मंशा राम कावड़े, अध्यक्ष धर्मेन्द्र कावड़े,सोहन कावडे, शारद, हिरूलाल, विमल, टूकेश्वरी, निर्जला,अंजली ने अपने पूरे टीम को बहुत सुंदर सजाया है उनके कार्य को देखकर गांव के लोग बहुत प्रशंसा किए।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ने सुखलाल के परिवार का बदला जीवन

नारायणपुर। ग्राम पंचायत बावड़ी, जनपद पंचायत नारायणपुर निवासी श्री सुखलाल का परिवार कभी एक ऐसे कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर था, जहां हर मौसम अपने साथ नई परेशानी लेकर आता था। खासकर बरसात के दिनों में घर की छत से पानी टपकने के कारण परिवार की मुश्किलें बढ़ जाती थीं। बारिश के दौरान घर में रहना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता था और परिवार को हर समय सुरक्षा की चिंता बनी रहती थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए अपने दम पर पक्का मकान बनाना आसान नहीं था।

पहला दूध, पहला हक का संदेश लेकर 280 माताओं तक पहुंचा जागरूकता अभियान

बीजापुर/नवप्रदेश। माँ और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य तथा स्वस्थ बचपन की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सांस्कृतिक भवन, बीजापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 280 माताओं एवं गर्भवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूरी: कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से बीजापुर बीएमओ डॉ चेलापति राव एवं चेरपाल के डॉ. पटेल ने माताओं को स्तनपान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि शिशु के जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला गाढ़ा पीला दूध यानी कोलोस्ट्रम अवश्य पिलाना चाहिए। यह शिशु के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है और उसे संक्रमण एवं विभिन्न बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि शिशु को जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध दिया जाना चाहिए।

भव्य तिरंगा यात्रा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गौरवपूर्ण सहभागिता

कांकेर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन, उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के अंतर्गत राष्ट्रप्रेम, एकता एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण आयोजन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ उत्तर बस्तर कांकेर की विभिन्न इकाइयों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री रमेश निषाद जी के दिशा-निर्देशन में जिले के विभिन्न स्थानीय विद्यालयों के स्काउट-गाइड प्रभारी, स्काउट्स एवं गाइड्स ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी रहे। उनके साथ कांकेर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री आशाराम नेताम जी सहित जिले के अनेक विशिष्ट जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता करते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सहायक राज्य आयुक्त गाइड श्रीमती दंतेश्वरी तिवारी, जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री किरण सिंह ठाकुर सहित स्काउट-गाइड प्रभारी एवं स्थानीय विद्यालयों के स्काउट्स एवं गाइड्स विशेष रूप से उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा में स्काउट-गाइड सदस्यों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की। उनके द्वारा लगाए गए ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷ एवं ÷जय हिंद÷ के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। स्काउट-गाइड की अनुशासित एवं गरिमापूर्ण उपस्थिति ने यात्रा के आकर्षण को और बढ़ाया।

तिरंगा यात्रा नरहरदेव स्कूल से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड, कोमल देव हॉस्पिटल चौक होते हुए मिनी स्टेडियम में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना देखने को मिली।

कांकेर के खिलाड़ियों के सपनों को मिला नया मंच, मिनी स्टेडियम का लोकार्पण

- **उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया उद्घाटन, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा अभ्यास और सुविधाओं का बेहतर अवसर**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के युवा खिलाड़ियों और खेल प्रतिभाओं के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। शहर में खेल सुविधाओं को विस्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मिनी स्टेडियम का लोकार्पण किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने विधिवत मिनी स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

मिनी स्टेडियम के शुरू होने से कांकेर जिले के खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए बेहतर खेल मैदान उपलब्ध होगा। अब स्थानीय युवा विभिन्न खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। खेल सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला स्तर से आगे बढ़कर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होने की उम्मीद है।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर मैदान, नियमित अभ्यास और आवश्यक संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कांकेर में मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को खेलों से जुड़ने के साथ ही अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा। खेल मैदान केवल प्रतियोगिताओं के आयोजन का स्थान नहीं होते, बल्कि यहां से युवाओं के सपनों को दिशा मिलती है और अनुशासन, मेहनत तथा टीम भावना जैसी खूबियां भी विकसित होती हैं।

कार्यक्रम में कहा गया कि कांकेर के युवाओं को खेल सहित शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने से जिले के युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के साथ कांकेर का नाम रोशन कर सकेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण लता नरेटी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री महेश जैन, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सतीश लाटिया और भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री संजू गोपाला साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, कलेक्टर एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री रामविचार नेताम ने नितिन गडकरी से की मुलाकात, बाइपास निर्माण पर बनी सहमति

बलरामपुर-रामानुजगंज को मिलेगी बाइपास की सौगात

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। रामानुजगंज विधायक एवं छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट कर अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के अंतर्गत बलरामपुर एवं रामानुजगंज बाईपास मार्गों के निर्माण को लेकर चर्चा की।

मंत्री रामविचार नेताम ने अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और जनहित की आवश्यकता को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा गया। चर्चा के दौरान नितिन गडकरी ने दोनों बाईपास परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इससे बाईपास निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।बाईपास मार्गों के निर्माण से बलरामपुर और रामानुजगंज शहरों में यातायात के दबाव को कम करने, भारी वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने तथा सड़क संपर्क को बेहतर करने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। मुलाकात के दौरान मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अंगवस्त्र भेंट कर बलरामपुर-रामानुजगंज क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

यातायात जाम से मिलेगी राहत

बलरामपुर और रामानुजगंज शहरों में लंबे समय से यातायात का दबाव बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग-343 पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण कई बार जाम और आवागमन की समस्या सामने आती है। ऐसे में दोनों शहरों के लिए प्रस्तावित बाईपास मार्गों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रामानुजगंज विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बाईपास निर्माण की मांग रखी। केंद्रीय मंत्री ने दोनों परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बाईपास बनने से शहरों के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा और लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी।

जंगल से सागौन लट्ठा चोरी, पति-पत्नी गिरफ्तार

रामानुजगंज। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में जंगल से सागौन की लकड़ी चोरी कर ले जा रहे पति-पत्नी ने रोकने पर वन रक्षक के साथ गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। घटना में वन रक्षक के सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त की सुबह करीब 5:45 बजे रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में पदस्थ वन रक्षक पिंटू मालाकार ड्यूटी पर थे। इसी दौरान वन वाटिका के पास उन्हें एक महिला और पुरुष जंगल से सागौन का लट्ठा लेकर आते दिखाई दिए। वन रक्षक ने उन्हें रोककर पूछताछ की।

आरोप है कि लकड़ी चोरी कर ले जाने से रोकने पर मनोज भुईया (32) और उसकी पत्नी मानमती भुईया (30), दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 15 रामानुजगंज, ने वन रक्षक के साथ गाली-गलौज की और रास्ते से हट जाने की धमकी दी।

*अनूपपुर/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु में मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। सीएमएचओ ने बताया कि बारिश के मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल संक्रमण, दस्त, उल्टी, टाइफाइड सहित जलजनित एवं खाद्यजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

किसानों की जमीन पर जेएमएस कंपनी के अधिकारियों पर खेती कराने का आरोप

कोतमा/नवप्रदेश। जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोढहा बसखला में संचालित जेएमएस कंपनी को लेकर किसानों की जमीन से जुड़े मामले में एक नया विवाद सामने आया है।

प्रभावित किसानों एवं किसान नेताओं का आरोप है कि कंपनी द्वारा अधिग्रहित जमीन पर कंपनी के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खेती-किसानी का काम कराया जा रहा है। आरोप है कि उक्त जमीन पर जीराफूल की फसल तक उगाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर किसानों में नाराजगी बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि कंपनी द्वारा उनकी जमीन अपने अधीन लिए जाने के बाद भी यदि उसी जमीन का इस्तेमाल कंपनी के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से खेती के लिए कर रहे हैं, तो यह गंभीर जांच का विषय है। बताया गया कि प्रभावित किसानों द्वारा जब इस संबंध में कंपनी के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्हें कथित तौर पर इस बात की जानकारी नहीं होने की बात कही गई कि कंपनी की अधिकृत जमीन पर उसके अधिकारियों द्वारा खेती की जा रही है। मामले को लेकर आरटीआई के माध्यम से भी जानकारी मांगी गई। हालांकि, शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी की ओर से आरटीआई के जवाब में मुख्य मुद्दे से अलग जवाब दिया गया और शिकायतकर्ता को प्रभावित किसान नहीं बताते हुए यह कहा गया कि वह केवल आरटीआई लगाकर कंपनी को नुकसान पहुंचाना चाहता है।

किसानों का कहना है कि यदि कंपनी की जमीन पर कंपनी से जुड़े अधिकारियों द्वारा निजी तौर पर खेती की जा रही है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए।

हॉस्टल की छात्राओं से वर्दी धुलवाने और रात में मालिश कराने का आरोप

अम्बिकापुर/ सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम खम्हरिया स्थित बालिका छात्रावास में पदस्थ महिला गार्ड पर छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि गार्ड उनसे जबरन अपनी वर्दी व कपड़े धुलवाती है और रात में शरीर की मालिश करवाती है। विरोध करने पर उन्हें हॉस्टल से बाहर निकलवाने और भविष्य खराब करने की धमकी दी जाती है।मामला तब सामने आया जब उदयपुर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य राधा रवि तीन दिन पूर्व अचानक खम्हरिया बालिका छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान छात्राओं से हॉस्टल की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के संबंध में बातचीत की गई। छात्राओं ने खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई, लेकिन महिला गार्ड रवि सूर्य राजवाड़े के व्यवहार की शिकायत करते हुए रो पड़ीं। छात्राओं ने बताया कि गार्ड उनसे अपने निजी काम करवाती है। उनका आरोप है कि रात में भी उनसे मालिश कराई जाती है।

तिरंगा यात्रा में विद्यालयों के छात्रों ने लिया हिस्सा

अनूपपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोतमा नगर इकाई के तत्वाधान में एक विशाल भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्रहित , राष्ट्रहित ,समाज हित में काम करते आया है। विद्यार्थी परिषद अपने रचनात्मक कार्यक्रम की भूमिका को निभाते हुए कोतमा नगर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर एक भव्य विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। नगर मंत्री प्रांजल तिवारी का कहना है कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही एक नारा दिया छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति होती हैं,इस नाते आज संपूर्ण कोतमा नगर के छात्र शक्ति ने मिलकर इस विशाल तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभाई है निश्चित ही यह कोतमा नगर के लिए एक गौरव का विषय है

साथी वक्त के रूप में हनुमान गर्ग जी का कहना है कि विद्यार्थी परिषद एक व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है और पूरे छात्र समुदाय से आवाहन किया कि ऐसे अनुशासित विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आज के छात्रों को जोड़ने की आवश्यकता है साथ ही इस विशाल तिरंगा यात्रा में कोतमा नगर के कई प्रमुख विद्यालयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।इस विशाल तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी, भाग संयोजक राज ताम्रकार,रितेश, भव्य,गौरव, अंश,अनुज ,अनुभव, दीपक, उत्कर्ष ,पवन ,शिवम सौरभ, सिप्टन, शाश्वत, वंश हार्दिक एवं कई कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समस्त छात्र शक्ति उपस्थिति रही ।

सड़क जीर्णोद्धार के नाम पर मुरम की जगह डाल दी मिट्टी

महावीरगंज/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत महावीरगंज में अनिल के घर से कोटवारी बांध तक सड़क जीर्णोद्धार के नाम पर 15वें वित्त की राशि से 1 लाख 75 हजार रुपये आहरण किए जाने के बाद सड़क की स्थिति सुधरने के बजाय और खराब होने का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर मुरम डालने के बजाय मिट्टी पाट दी गई, जिसके चलते बारिश के बाद मुख्य सड़क पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क पर करीब 2 से 3 फीट तक कीचड़ और दलदल हो गई है। इससे पैदल आवागमन तक मुश्किल हो गया है। दोपहिया और अन्य वाहनों के आवागमन में भी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क को जीर्णोद्धार के नाम पर बेहतर किया जाना था, वह काम होने के बाद पहले से भी बदतर स्थिति में पहुंच गई है। दलदल में धान का रोपा लगाकर जताया विरोध सड़क की बदहाल स्थिति से नाराज स्थानीय ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने सड़क पर जमा दलदल में धान का रोपा लगाकर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो सड़क नहीं बल्कि धान का खेत तैयार किया गया हो। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता और 15वें वित्त की राशि के उपयोग की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सड़क जीर्णोद्धार के नाम पर राशि खर्च की गई है, तो मौके पर हुए कार्य और खर्च की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

सड़कों पर मवेशियों का डेरा

चिरमिरी/नवप्रदेश। नगर निगम चिरमिरी के मुख्य मार्गों और व्यस्त चौराहों पर मवेशियों का खुलेआम जमावड़ा शहरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। सड़कों के बीचों-बीच बैठे मवेशियों और रात के समय बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। साजा पहाड़ रोड, सोनामनी, डोमनहिल, कोरिया कलरी, बड़ा और छोटा बाजार तथा हल्दीबाड़ी के प्रमुख चौक-चौराहों पर मवेशियों का हमेशा कब्जा रहता है।

बैज को बताई संगठन की गतिविधियां

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने मनेंद्रगढ़ शहर में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनहित के मुद्दों और जनता की समस्याओं को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक मजबूत, सक्रिय बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर लीगल सेल प्रदेश अध्यक्ष व्यंकटेश सिंह, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री स्नेहिल शुक्ला और जिला प्रवक्ता भावेश जैन सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग
(भ/स) संभाग, सारंगढ़ (छ.ग.)
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रं. 1985/एन.आई.टी./2026-27/व.ले.लि. सारंगढ़, दिनांक 07/08/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 20/08/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक ।
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 27/08/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि : 31/08/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक।

एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
4 T0022	उपसंभाग सारंगढ़ के अंतर्गत बरमकेला एवं सरिया सेक्शन के लिए पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.75 5000.00 86250.00
5 T0023	उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री सप्लाई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	9.25 6938.00 138750.00
6 T0024	बिलाईगढ़ उपसंभाग के सरसींवा सेक्शन अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री सप्लाई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	6.00 5000.00 90000.00
7 T0025	उपसंभाग बिलाईगढ़ के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री सप्लाई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	9.00 6750.00 135000.00

टीप :-
प्रत्येक कार्य हेतु निविदा प्रपत्र की कीमत रू. 750.00 निविदाकारों की श्रेणी ई पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' तक एवं कार्य की अवधि 28.02.2027 तक निर्धारित होगी।

निविदा शर्तें -
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in Live में Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग सारंगढ़
सारंगढ़-बिलाईगढ़

जी-262702688/3

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

क./Q/स्था. / 2026 बिलासपुर, दिनांक 01.08.2026

--:: अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विज्ञापन ::--

शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के रसायन शास्त्र विभाग के 01 प्राध्यापक के रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदको से अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षक सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 15.08.2026 को सायं 5:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा।

नोट- विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट (http:wwwsciencecollegebilaspur.ac.in/) पर अपलोड किया गया है जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर
विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

जी-262702694/2

कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधिसूचना

दिनांक 04/08/2026

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक- 202605042100026/अ-82/2025-26 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 का जायेगा, की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

अनुसूची
औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि अधिग्रहण हेतु प्रस्ताव का विवरण
ग्राम- बरपाली, पहनं. 22, तह. पुसौर, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

खसरा नं.	रकबा हे.	खसरा नं.	रकबा हे.	खसरा नं.	रकबा हे.	खसरा नं.	रकबा हे.
2/3	0.324	20/5	0.053	87/2	0.040	118/2, 136/2	0.134
3	0.470	21	0.069	42/8	0.073	120	0.251
8/1	0.453	25/1	0.097	140/1	0.079	88	0.227
11/1	0.405	22/1	0.040	42/9	0.016	69/2	0.025
248/2	0.453	86/1	0.166	42/10	0.036	69/3	0.032
4/1	0.113	87/1	0.107	42/11	0.052	69/4	0.032
4/3	0.206	22/2	0.041	78/2	0.109	70/2	0.079
6/1	0.753	23	0.129	42/12	0.120	73/1	0.023
6/2	0.405	46	0.073	42/14	0.041	73/3	0.022
6/3	0.405	24/1	0.344	45	0.081	74/1	0.085
11/2	0.073	24/2	0.057	78/1	0.018	74/2	0.085
9	0.202	27/3	0.125	92/2	0.091	76/2	0.065
5	0.462	27/6,28/2	0.061	42/15	0.036	76/3	0.025
10	0.433	24/3	0.057	42/16	0.040	87/8	0.105
30/3	0.142	27/4,27/5	0.227	78/5	0.018	89/1	0.122
12/1,13/4	0.053	24/4	0.081	92/1	0.063	89/2	0.277
12/7,13/7	0.054	27/2	0.113	92/3	0.028	91/2	0.145
75/1	0.085	27/7,28/3	0.061	42/19	0.028	91/3	0.146
75/2	0.085	24/5	0.117	42/20	0.038	118/4, 136/4, 135/4	0.085
93/1	0.190	26/1	0.097	47/1	0.069	119/1	0.194
12/2	0.053	27/1	0.081	83/1	0.077	136/7	0.061
13/1	0.028	27/9,54/1	0.202	83/2	0.081	94/1	0.050
19	0.251	28/1	0.104	47/2	0.069	94/2	0.168
12/3	0.078	24/6	0.121	47/3	0.034	94/3	0.125
13/3	0.105	26/2	0.093	47/4	0.005	94/4	0.050
16/1	0.057	27/8	0.097	65/3	0.056	95/3	0.275
16/4	0.109	27/10,54/2	0.211	90/1	0.062	109	0.178
53/1	0.081	25/2	0.093	47/5	0.035	110	0.206
114	0.073	29/1	0.194	65/7	0.056	113/2	0.040
12/4,	0.069	29/5	0.122	84/1	0.056	112	0.097
13/2	0.036	44	0.057	91/1	0.114	115	0.057
16/3	0.109	48	0.101	47/6	0.064	116/1	0.052
138/1	0.142	62	0.101	65/5	0.111	116/2	0.158
138/4	0.129	29/2	0.282	90/2	0.063	117/1	0.049
64/1	0.053	29/3	0.138	49	0.134	117/2	0.174
12/5,13/5	0.053	29/4	0.065	50/1	0.020	118/1, 136/1	0.069
16/5	0.308	36	0.214	50/2	0.069	118/5, 135/5, 136/5	0.073
70/1	0.079	30/1	0.558	59/4	0.004	118/3, 136/3, 135/3	0.239
82/1	0.077	119/3	0.178	50/3	0.020	119/2	0.174
82/2	0.077	138/5	0.141	50/4	0.105	119/4	0.134
14/4	0.166	30/2	0.137	73/2	0.044	122/1	0.088
15/4	0.077	31/1	0.170	52/1	0.052	122/2	0.202
12/6,13/6	0.053	35/4	0.251	52/2	0.013	122/3	0.029
12/8,13/8	0.053	35/6	0.097	52/3	0.024	122/4	0.029
14/1	0.166	31/2	0.032	59/5	0.008	124/1	0.156
15/1	0.077	35/3	0.061	52/4	0.025	126/1	0.106
40/3	0.078	35/5	0.178	53/2	0.040	137/2/1 138/2/1	0.124
14/2	0.166	77/2	0.075	53/3	0.017	126/2	0.215
43	0.049	32/1	0.032	53/4	0.024	137/2/2, 138/2/2	0.124
79	0.142	32/2	0.026	55	0.636	124/3	0.310
14/3	0.174	32/3	0.267	57/1	0.077	126/4	0.213
40/2	0.040	32/4	0.027	59/1	0.280	137/2/4, 138/2/4	0.127
125/2	0.210	32/5	0.027	57/2	0.060	124/4	0.040
130	0.283	32/6	0.027	57/3	0.025	124/5	0.040
15/2	0.121	32/7	0.027	57/4	0.061	124/6	0.040
15/3	0.126	32/8	0.027	57/5	0.024	124/7	0.040
16/2	0.053	33/1	0.198	57/6	0.024	124/8	0.040
17/1	0.122	33/2	0.178	57/7	0.024	124/9	0.040
56/1	0.103	34/1	0.288	57/8	0.024	124/10	0.040
17/2	0.372	34/2	0.287	58/1	0.066	124/11	0.032
25/3	0.093	35/1	0.236	58/3	0.041	124/12	0.156
17/3	0.121	41/1	0.058	58/4	0.024	126/5	0.107
56/2	0.102	95/4	0.264	58/6	0.064	125/1	0.223
17/4	0.122	77/1	0.075	59/2	0.008	125/3	0.485
56/3	0.102	35/2,95/2	0.235	59/3	0.008	127	0.190
17/5	0.121	95/1	0.162	60/1	0.041	126/3	0.213
56/4	0.102	37	0.709	60/4	0.042	129/1	0.114
17/6	0.121	38/1	0.110	60/2	0.021	131	0.934
51/1	0.089	38/2	0.109	60/3	0.042	129/2	0.041
111/1	0.103	52/5	0.040	60/5	0.020	129/3	0.041
17/7	0.121	39/1	0.040	61	0.077	129/4	0.041
51/2	0.089	39/2	0.036	63/1	0.025	129/5	0.041
111/2	0.103	42/7	0.061	63/2	0.050	129/6	0.041
18/1	0.016	42/13	0.040	63/3	0.026	129/7	0.041
18/2	0.093	42/17	0.021	64/2	0.021	133	0.263
58/2	0.089	39/3	0.040	64/3	0.021	135/6, 136/6	0.073
76/4	0.065	39/4	0.039	64/4	0.022	139/2	0.097
18/3	0.018	39/5	0.037	65/1	0.113	139/4	0.052
18/4	0.085	42/18	0.020	65/2	0.073	134/1, 425/1/426/1	0.097
18/5	0.020	40/1	0.040	85/3	0.180	134/2, 425/2/426/2	0.348
18/6	0.020	41/2	0.013	86/2	0.162	134/4, 425/4/426/4	0.303
18/11	0.019	77/3	0.052	91/4	0.202	137/1	0.101
18/7	0.020	93/2	0.065	65/4	0.113	138/3	0.053
18/8	0.017	93/3	0.137	65/6	0.073	134/425/1	0.146
18/9	0.019	41/3	0.058	66	0.081	134/3, 425/3/426/3	0.053
58/5	0.024	41/4	0.013	123	0.129	135/1	0.089
18/10	0.018	77/4	0.053	67/1	0.097	137/2/3, 138/2/3	0.124
18/12	0.018	42/1,81	0.198	68/1	0.098	137/3	0.057
20/1	0.160	42/3	0.077	67/2	0.061	137/4	0.158
76/1	0.132	78/4	0.016	68/2	0.040	141/1	0.008
76/5	0.064	80	0.129	113/1	0.045	139/1	0.097
84/2	0.170	42/2	0.037	68/3	0.101	139/3	0.053
84/3	0.057	42/4	0.039	113/3	0.336	140/3	0.079
20/2	0.148	78/3	0.021	69/1	0.085	140/2	0.105
20/4	0.040	42/5	0.057	71	0.186	140/4	0.053
76/6	0.025	42/6	0.029	72	0.648	141/2	0.085
20/3	0.040	85/2	0.180	85/1	0.057		

कुल ख.नं. 387 एवं रकबा 43.433 हेक्टे.

2. यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्ष के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा/प्लान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ़, के कार्यालय में देखा जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़, जिला रायगढ़ को पुनर्वास और पुनर्वस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-262702662/2

नगर पालिका की सामान्य सभा में गूंजा अवैध निर्माण का मुद्दा

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में सोमवार को शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एंड्रूज वार्ड के युवा पार्षद रोशन सोनी ने जनहित से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए नगर पालिका प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।

पार्षद रोशन सोनी ने मुंगेली शहर में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों का मुद्दा सदन के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि शहर में कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में आम नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बालानी चौक में नाले पर अवैध निर्माण का मुद्दा उठा, बलानी चौक क्षेत्र में नाले पर किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नाले के ऊपर अथवा नाले की प्राकृतिक जल निकासी को प्रभावित करने वाला निर्माण भविष्य में बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि नाले पर निर्माण कर दिया गया और जल निकासी का रास्ता बाधित हुआ तो बरसात के दिनों में नाले का पानी आखिर जाएगा कहां? जल निकासी बाधित होने से आसपास के क्षेत्रों में जलभराव, सड़क पर पानी आने तथा आम लोगों के घरों और दुकानों तक पानी पहुंचने की स्थिति बन सकती है। पार्षद रोशन सोनी ने नगर पालिका प्रशासन से ऐसे निर्माण

कार्यों की जांच कराकर नियम विरुद्ध पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पार्षद ने शहर में सड़क किनारे एवं सरकारी जमीनों पर हो रहे निर्माण कार्यों का मुद्दा भी सामान्य सभा में उठाया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या नियम विरुद्ध निर्माण भविष्य में शहर की व्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। उन्होंने मांग की कि नगर पालिका क्षेत्र में ऐसे सभी निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण एवं दस्तावेजों की जांच कराई जाए तथा जहां भी निर्माण नियमों के विपरीत पाया जाए, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सामान्य सभा की बैठक में पार्षद रोशन सोनी ने राशन कार्ड से जुड़े मामलों में सामने आ रही अनियमितताओं एवं धांधली की शिकायतों को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यदि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता होती है तो उसका सीधा असर पात्र हितग्राहियों पर पड़ता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से राशन कार्ड से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कराने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की मांग की उन्होंने कहा कि शहर का विकास योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए और अवैध निर्माण, अतिक्रमण, जल निकासी तथा सार्वजनिक भूमि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समय रहते कार्रवाई की जानी आवश्यक है, ताकि भविष्य में शहरवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

न्यूज गैलरी

जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश।-पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर क्षेत्र में शिव आराधना का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय

माहौल के साथ मनाया गया। सावन के इस दूसरे सोमवार को लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। द्वितीय सावन सोमवार को सुबह से ही शहर और ग्रामीण अंचल के प्रमुख मंदिरों के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बेलपत्र, धतूरा, दूध, गंगाजल और पंचामृत अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिरों को फूलों और रोशनी से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आज के इस विशेष दिन पर निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। कांवड़ यात्रा के मंदिरों तक पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने एक-एक कर पवित्र जल से शिवलिंग का जलाभिषेक किया।

भोलेनाथ का जलाभिषेक

मुंगेली/नवप्रदेश।-सावन के द्वितीय सोमवार को सेतगंगा स्थित भोलेनाथ शिवजी के मंदिर में आस्था और भक्ति का नजारा रहा, चारों ओर हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। ग्राम बीजातराई से मनोहर गबेल, ताम्रध्वज गबेल, प्रकाश गबेल और ग्राम सिपाही से लीलक साहू, हजारी साहू और लोकेश राजपूत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भक्तजन धर्मनगरी सेतगंगा में श्रीरामजानकी मंदिर के समीप मां नर्मदा कुंड से पवित्र निर्मल जल भरकर ग्राम में स्थित भगवान भोले नाथ के मंदिर में जल को अर्पित किए। इस अवसर पर महंत राधेश्याम दास, दिनेश सोनी, पुहुपराम साहू, केशव परिहार, संजय परिहार, शिव उपाध्याय, नारायण शर्मा, श्रीरामजानकी सेवा समिति के अध्यक्ष सनत देवांगन, उपाध्याय जय देवांगन, कन्हैया ठाकुर, कोषाध्यक्ष नीरज केशवानी, सचिव नरेंद्र जायसवाल सहसचिव मनोहर यादव प्रवक्ता कन्हैया गुप्ता, संरक्षक डॉ रामजी शर्मा, गणेश गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य अक्षय देवांगन, जलेश श्रीवास, संतोष देवांगन, रज्जू श्रीवास, प्रमोद सोनी, संतोष चौहान, रमाकांत सोनी, राजू सोनी, अनिल चौहान, रायसिंह गबेल, बिहारी गबेल, महेंद्र गबेल, कल्लू साहू, प्रवीण सोनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मुंगेली की महिलाओं ने खरौद में किया जलाभिषेक

मुंगेली/नवप्रदेश। केशरवानी महिला समिति मुंगेली के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बोल बम बोल बम जयकारे के साथ सावन माह में खरौद शिवरीनारायण में स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव की जल अर्पितकर बेलपत्र, धतूरा, शमीपत्र, आरती व पूजा

अर्चनाकर जलयात्रा का आठवां वर्ष पूर्ण किया। सदस्यों ने बताया कि मुंगेली नगर प्रसिद्ध खर्राघाट शिव मंदिर, हथनीकला, सेतगंगा, बेलापन, सिमगा सोमनाथ, नगर शिव मंदिर, मल्हार शिव मंदिर के पश्चात इस बार जांजगीर-चांपा जिले के खरौद में स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर में जलयात्रा पूर्ण किया है। इसके बाद सदस्यों ने शिवरीनारायण के जांजगीर-चांपा जिले में महानदी, शिवनाथ और जोंक नदियों के पावन त्रिवेणी संगम पर स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल रामजानकी मंदिर के दर्शन का लाभ उठाया।

कन्या महाविद्यालय की छत में दरार, बारिश में टपक रहा पानी

मुंगेली/नवप्रदेश। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है, महाविद्यालय भवन की

दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं और छत में क्रैक आने के कारण बारिश के दिनों में लगातार काफी मात्रा में पानी गिरता रहता है, जिससे छात्राओं के अध्यापन कार्य में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। इस महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम संकाय की लगभग 500 छात्राएं अध्ययनरत हैं, जहां बीएससी में प्रायोगिक कार्य भी होता है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस गंभीर समस्या के शीघ्र समाधान लिए कलेक्टर से गुहार लगाई है।

स्वतंत्रता दिवस, कलेक्टर-एसएसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और वहां रंग रोगन, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ सफाई, फायर ब्रिगेड, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा।

सत्ता-विपक्ष आमने-सामने; सड़क, नाली स्ट्रीट लाइट के सवालों पर विपक्ष ने घेरा

वायरल ऑडियो पर घमासान: महापौर समेत भाजपा पार्षदों का वॉकआउट

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नगर निगम अंबिकापुर की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को विकास के एजेंडों से ज्यादा सियासी टकराव को लेकर सुर्खियों में रही। राजमोहिनी देवी भवन में आयोजित सामान्य सभा की शुरुआत ही महापौर मंजूषा भगत और भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया से जुड़े बताए जा रहे कथित वायरल ऑडियो के मुद्दे पर हंगामे से हुई। विपक्ष ने ऑडियो को लेकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए महापौर से जवाब मांगा। मामला इतना गरमाया कि महापौर समेत भाजपा पार्षद सदन से बाहर निकल गए। करीब आधे घंटे बाद बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस पार्षदों ने भी विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सत्ता पक्ष की मौजूदगी में 19 एजेंडों पर चर्चा

कर बैठक की कार्रवाई पूरी कर दी गई।

ऑडियो को लेकर सवाल-जवाब के बीच सदन में तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते माहौल हंगामेदार हो गया और महापौर मंजूषा भगत सहित भाजपा पार्षदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। हंगामे के चलते करीब आधे घंटे तक बैठक की कार्रवाई रोकनी पड़ी। सत्ता पक्ष के बाहर जाने के बाद सदन का माहौल और अधिक राजनीतिक हो गया। दोबारा बैठक शुरू होने पर कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा। नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने भी सदन से बाहर निकलकर विरोध जताया। सफी अहमद ने कहा कि नगर निगम की सामान्य सभा में शहर की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट जैसी जनता से जुड़ी समस्याएं पीछे छूट रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सदन में विपक्ष की आवाज नहीं सुनी जाएगी तो कांग्रेस पार्षद घर-घर जाकर जनता को निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराएंगे। कांग्रेस पार्षदों के वॉकआउट के बाद सामान्य सभा की कार्रवाई सत्ता पक्ष की मौजूदगी में जारी रही।

ऑडियो को मेयर ने बताया फर्जी

सामान्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने कथित वायरल ऑडियो का मुद्दा उठाया। विपक्ष का दावा है कि ऑडियो में कला केंद्र मैदान में मेला आयोजन को लेकर मेला संचालक से कथित तौर पर तीन लाख रुपए के लेनदेन की बातचीत सामने आई थी। हालांकि महापौर मंजूषा भगत ने ऑडियो को एआई जनरेटेड और फर्जी बताते हुए अनुसूचित जनजाति थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विपक्ष ने इसी शिकायत पर अब तक हुई कार्रवाई का ब्यौरा मांगते हुए सवाल खड़े किए।

जिले में 3.35 लाख बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त रखने और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को निःशुल्क एल्बेंडाजोल की कृमिनाशक गोली खिलाई गई। अभियान के तहत दवा से छूटे बच्चों को 17 अगस्त को मॉप-अप दिवस पर एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी।

अभियान की शुरुआत आज जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की। उन्होंने कहा कि गंभीर कृमि संक्रमण से बच्चों में पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी एवं भूख न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। नियमित कृमिनाशक दवा बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने शिक्षकों एवं पालकों से कहा कि एक भी बच्चा कृमिनाशक

दवा की खुराक से वंचित न रहे। जिन बच्चों को 10 अगस्त को दवा नहीं मिल पाई है, उन्हें 17 अगस्त के मॉप-अप दिवस पर नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से दवा दिलाना सुनिश्चित करें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि जिले में इस वर्ष 01 से 19 वर्ष तक के 3 लाख 35 हजार 886 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत शासकीय एवं निजी स्कूलों, नवोदय विद्यालय, आईटीआई, कॉलेजों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में विशेष कार्ययोजना के तहत दवा खिलाई जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को, तैयारियां जोर-शोर से

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रकरणों के आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत

में राजीनामा योग्य आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, प्री-लिटिगेशन, बैंक ऋण वसूली, विद्युत ऋण वसूली, नगर निगम वसूली, राजस्व सहित अन्य प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी ने अधिवक्ताओं एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से विवादों का त्वरित, सरल और आपसी सहमति से समाधान कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम नागरिकों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत दिलाने का प्रभावी माध्यम है।

छात्राओं को कानून एवं अधिकारों की दी जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा छात्रावासों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित कन्या छात्रावास, शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित कन्या छात्रावास तथा शासकीय प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास पथरिया पहुंचकर

छात्राओं को कानून एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को न केवल उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि शिक्षा, आत्मविश्वास और मेहनत के जरिए बेहतर भविष्य निर्माण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेरावी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा को अपना सबसे मजबूत हथियार बनाएं। उन्होंने छात्राओं से अपने सपनों को छोटा न रखने तथा लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विद्यार्थियों को बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। सफलता के लिए शॉर्टकट का सहारा लेने के बजाय निरंतर मेहनत और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है।

बाढ़ प्रभावित 150 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में बाढ़ की स्थिति के बीच जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में लोरमी विकासखंड के ग्राम बिजराकछार में बाढ़ प्रभावित लगभग 150 लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर स्कूल एवं पंचायत भवन में ठहराया गया है। राहत शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित लोगों की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है।

सीएचसी में युवक की मौत, साढ़े चार घंटे शव वाहन का इंतजार

अम्बिकापुर/सीतापुर। सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दस्त की बीमारी से ग्राम गिरहुलडीह निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मण की मौत के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। परिजनों का आरोप है कि शव को घर ले जाने के लिए 1099 पर फोन करने के बावजूद करीब साढ़े चार घंटे तक शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया।परिजनों के मुताबिक, शव वाहन चालक लगातार वाहन पहुंचने की बात कहता रहा, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी वाहन नहीं आया। इस दौरान

परिजन अस्पताल में शव लेकर परेशान होते रहे। मामले की शिकायत सीतापुर बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा से भी की गई।

मजबूरी में उधार लेकर निजी वाहन किया

शव वाहन की व्यवस्था नहीं होने पर आखिरकार परिजनों को निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा। बताया गया कि परिवार ने उधार में 1500 रुपए लेकर निजी वाहन की व्यवस्था की और शव को गांव ले जाया गया।

एक ओर शासन द्वारा जरूरतमंदों के लिए शव वाहन जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब परिवार को अपने मृत परिजन का शव घर ले जाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ा। घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पेज 1 का शेष...

आत्मसमर्पित युवा नक्सलियों की...

एवं पुनर्वासित युवाओं को मिल रही सहायता और सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शहीद परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति एवं शासकीय सेवा प्रदान किए जाने की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शहीद परिवारों को शत-प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। इस उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद परिवारों के प्रति शासन की जिम्मेदारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने एसआईबी के डैशबोर्ड को भी नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए, ताकि नक्सल प्रभावित परिवारों, पुनर्वासित व्यक्तियों और सहायता से संबंधित प्रकरणों की वास्तविक एवं अद्यतन स्थिति की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके।

शहीदों के सम्मान में स्कूल, चौक-चौराहों और भवनों के नामकरण की प्रक्रिया होगी तेज

शहीदों के सम्मान और उनकी स्मृति को स्थायी रूप से जीवित रखने के उद्देश्य से स्कूलों, चौक-चौराहों एवं शासकीय भवनों के नामकरण की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां नामकरण के लिए विभागीय अनुमति आवश्यक है, वहां तत्काल अनुमति प्राप्त कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए और जल्द से जल्द नामकरण पूर्ण कराया जाए।

संसद परिसर में एनडीए-कांग्रेस...

कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही जारी है।

'हर घर तिरंगा' को बनाएं...

का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'आइए, हर घर तिरंगा को हर घर में एक उत्सव बनाएं।'

15 अगस्त से पहले पीएम मोदी का खास संदेश

देश में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर लोगों से जुड़ने की अपील की है। वीडियो संदेश के जरिए पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाएं। पीएम का संदेश स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभर में तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभावना को मजबूत करने के अभियान से जुड़ा है।

उम्र चाहे कुछ भी हो, लापता...

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश उसके आदेश का पालन नहीं करता है, तो संबंधित मुख्य सचिव और डीजीपी के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी किया जाएगा। उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होकर जवाब देना होगा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। इससे पहले 22 मई को सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की पुलिस को निर्देश दिया था कि किसी भी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलते ही बिना प्रारंभिक जांच के एफआईआर दर्ज की जाए। कोर्ट ने यह निर्देश तब दिया था, जब देश में करीब 47 हजार बच्चे अब भी लापता बताए गए थे।

शराब घोटाला: रामगोपाल...

सौरभ पांडेय ने रामगोपाल अग्रवाल को ईडी हिरासत में लेने की पुष्टि की है। आज रामगोपाल अग्रवाल को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति...

भाग गए थे। पुतिन सरकार ने उन्हें शरण दी हुई है। दोनों की गैरमौजूदगी में सजा सुनाई गई। अतीफ नजीब को जनवरी 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मंगलवार को कैदी की वर्दी पहनाकर पिंजरे में कोर्ट लाया गया।

12.50 लाख के नकली...

स्थित शराब भट्टी के पास बुलाया।

9 अगस्त की रात करीब 9 बजे दिनेश अपने परिचित कैलाश चंद्रवंशी के साथ वहां पहुंचा। सतीश कुमार और उसका एक साथी काले रंग के बैग में रकम लेकर पहुंचे। बैग खोलकर रकम की जांच की गई तो नोट संदिग्ध लगे। जांच में 500-500 रुपए के कुल 4.50 लाख रुपए के नकली नोट मिले। इसके बाद 10 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

10वीं टॉपर ने फर्जी आईएएस...

किया। बाद में वह यूपीएससी की तैयारी करने दिल्ली चला गया। दिल्ली से लौटने के बाद वह अपने बचपन के दोस्तों से भी कट गया।

जहां गांधी ने आजादी की...

सामाजिक समानता और सामुदायिक जीवन की पहली प्रयोगशाला बना। दक्षिण अफ्रीका से लौटे मोहनदास करमचंद गांधी ने यहां अपने विचारों को व्यवहार में उतारा और यही प्रयोग आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन की ताकत बने। 9 जनवरी 1915 को दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के बाद गांधीजी ने अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर देश का भ्रमण किया। आश्रम की स्थापना के लिए अंततः अहमदाबाद को चुना गया।

कोलंबिया भूकंप: 7.4 तीव्रता के भूकंप से अब तक 130 से ज्यादा की मौत

सैकड़ों इमारतें क्षतिग्रस्त, 570 से अधिक लोग घायल

पश्चिमी कोलंबिया में सोमवार को 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसमें कम से कम 130 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। कोलंबिया के राष्ट्रपति अबेलार्डो दे ला एस्प्रिएला ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति अबेलार्डो दे ला एस्प्रिएला ने आपातकाल की घोषणा की, जिससे भूकंप के बाद राहत एवं पुनर्वास के लिए धनराशि तेजी से उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि वह आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। भूकंप का केंद्र चोको के ग्रामीण इलाके में था। राष्ट्रपति अबेलार्डो डे ला एस्प्रिएला ने बोगोटा में बताया कि भूकंप से 1,575 घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, छह हवाई अड्डों का बुनियादी ढांचा भी प्रभावित हुआ है, जिसके कारण वहां वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन फिलहाल रोक दिया गया है। सरकार ने भूकंप के असर से निपटने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय आपदा की स्थिति घोषित कर दी थी। कोलंबियन जियोलॉजिकल सर्विस के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 7:34 बजे पश्चिमी कोलंबिया में आया। इसका केंद्र चोको डिपार्टमेंट के सैन होस डेल पाल्मार के पास था और इसकी गहराई 96 किलोमीटर दर्ज की गई।

संगठन ने कहा कि वह प्रभावित डिपार्टमेंट्स की राजधानियों के साथ लगातार संपर्क में है और स्थानीय मेयरों तथा उनकी टीमों से भी बात कर रहा है, ताकि ताजा स्थिति की जानकारी मिल सके, नुकसान का आकलन किया जा सके और सबसे जरूरी राहत जरूरतों की पहचान की जा सके। दुनिया भर के नेताओं ने कोलंबिया के लोगों के प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि कोलंबिया फ्रांस की दोस्ती और समर्थन पर भरोसा कर सकता है। उन्होंने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷कोलंबिया में आए इस भयानक भूकंप के बाद मैं फ्रांस की ओर से कोलंबिया के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मेरी सोच पीड़ितों, उनके परिवारों, घायलों और इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ है।

होंडा कार्स ने भविष्य की महत्वाकांक्षी योजना के साथ भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की

हाल ही में लॉन्च की गई ग्लोबल एसयूवी ऑल-न्यू होंडा ZR-V और नई होंडा सिटी रायपुर में पेश

रायपुर/नवप्रदेश। भारत में प्रीमियम कारों के मुख्य निर्माता, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज भारत में 2030 तक के अपने ग्रोथ रोडमैप और अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के बारे में बताया। कंपनी ने कहा कि होंडा के लिए भारत दुनिया के सबसे बड़े तीन प्राथमिक बाजारों में से एक है और कंपनी के भविष्य के विकास में भारत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

होंडा अपनी दीर्घकालिक विकास योजना के अंतर्गत एक मजबूत पाईपलाईन और कॉस्ट-एफिशियंट वाहनों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे भारत में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। कंपनी के पोर्टफोलियो में ग्लोबल एसयूवी के साथ भारत पर केंद्रित वाहन भी शामिल होंगे। कंपनी ने यह घोषणा भी की कि 2028 से कंपनी सब-4-मीटर एसयूवी और मिड-साईज एसयूवी सेगमेंट में नए वाहन पेश करेगी। ये वाहन ग्राहकों की बदलती पसंद और बाजार में बढ़ते अवसरों के अनुरूप होंगे। कंपनी के रोडमैप में वित्तवर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में होंडा कार्स इंडिया का पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल है। इस मॉडल की रोड टेस्टिंग भारत में शुरू हो चुकी है। यह होंडा के इलेक्ट्रिफिकेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। कंपनी ने नई लॉन्च की गई होंडा सिटी का प्रदर्शन भी किया। यह एक नए स्पोर्टी डिजाईन, ज्यादा प्रीमियम फीचर्स, आधुनिक सुरक्षा टेक्नोलॉजी और पेट्रोल एवं मजबूत हाईब्रिड पॉवरट्रेन विकल्पों के साथ आ रही है। इसके अलावा, होंडा ने ऑल-न्यू होंडा ZR-V की डिटेल्स भी साझा कीं, जो कंपनी द्वारा पेश की गई नई ग्लोबल प्रीमियम हाईब्रिड एसयूवी है।

3300 करोड़ का हिसाब ऑडिट में साफ मैनुअल कैश सॉर्टिंग के दौरान हुई चोरी

नई दिल्ली/ए.। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान और चढ़ावे की रकम को लेकर उठे सवालों के बीच सरकार की ओर से बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, राम मंदिर के लिए श्रद्धालुओं से मिले करीब 3300 करोड़ रुपये का स्वतंत्र ऑडिट कराया गया है और इसमें किसी बड़े वित्तीय घोटाले या सिस्टम स्तर की वित्तीय अनियमितता के प्रमाण नहीं मिले हैं। सूत्रों का कहना है कि जिस चोरी को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह मुख्य खातों में नहीं बल्कि नोटों की मैनुअल छंटाई यानी मैनुअल कैश सॉर्टिंग के दौरान हुई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर 3300 करोड़ रुपये का हिसाब ऑडिट में साफहै तो चोरी आखिर हुई कहां? सूत्रों के मुताबिक, दान पेटियों से निकली नकदी को मशीन से गिनने से पहले हाथ से अलग-अलग करने की प्रक्रिया में चोरी हुई। यानी नोटों की मैनुअल सॉर्टिंग के दौरान कुछ कर्मचारियों पर नकदी निकालने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, कैश काउंटिंग से जुड़ी प्रक्रिया में स्वच्छ और सैनिक सिक्योरिटी सर्विसेज (SSS) के बीच व्यवस्था थी।

3300 करोड़ का हुआ स्वतंत्र ऑडिट

सरकारी सूत्रों के अनुसार, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिले करीब 3300 करोड़ रुपये का बाहरी ऑडिट एम/एस वी. शंकर अय्यर एंड कंपनी ने किया। ऑडिट में ट्रस्ट की आय-व्यय और प्रमुख वित्तीय लेन-देन की जांच की गई। सूत्रों का दावा है कि मंदिर निर्माण और जमीन खरीद जैसे बड़े खर्चों में बैंकिंग माध्यम का इस्तेमाल किया गया और इन भुगतानों में कैश लेन-देन नहीं हुआ।

चंपत राय का इस्तीफा और नए बदलाव

दान में गबन और चोरी के आरोप लगने के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे ट्रस्ट ने स्वीकार कर लिया। पूर्व आरएसएस प्रचारक और सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव नियुक्त किया गया है। दान पेटी से नकद चोरी और अनियमितताओं के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल की जांच के आधार पर पुलिस अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीसीटीवी फुटेज, रिकवरी और वित्तीय दस्तावेजों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

मंदिर निर्माण पर 1800 करोड़ खर्च

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण पर करीब 1800 करोड़ रुपये, जबकि जमीन अधिग्रहण पर करीब 400 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इन दोनों मदों में भुगतान बैंकिंग चैनल के जरिए किए जाने की बात कही गई है। मंदिर निर्माण और जमीन खरीद की बड़ी रकम में नकद लेन-देन नहीं हुआ और इनका हिसाब ऑडिट में उपलब्ध है।

तमिलनाडु विधानसभा में एफसीआरए संशोधन विधेयक और नीट के खिलाफ प्रस्ताव पेश

चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीति में एक नया घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलनाडु वेत्री कषगम (TVK) सरकार ने मंगलवार (11 अगस्त 2026) को तमिलनाडु विधानसभा में केंद्र सरकार के विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के खिलाफ एक औपचारिक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से पुरजोर आग्रह किया गया है कि वह FCRA संशोधन विधेयक 2026 को इसके वर्तमान स्वरूप में तुरंत वापस ले।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-153-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रजराजनगर में आरपीएफ पोस्ट के लिए नई इमारत का निर्माण एवं ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का प्रावधान । निविदा मूल्य (रू): 3,58,27,462/-, अमानत राशि (रू): 7,16,600/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह ।

क्रम सं. (2): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-154-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खरसिया गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीट्स, स्प्रिंकलर एवं अन्य संबद्ध विविध कार्यों का प्रावधान । निविदा मूल्य (रू): 4,00,06,225/-, अमानत राशि (रू): 8,00,100/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह ।

क्रम सं. (3): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-155-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का प्रावधान । निविदा मूल्य (रू): 2,41,39,916/-, अमानत राशि (रू): 4,82,800/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्रम सं. (4): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-156-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: 30/06/2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सड़क मरम्मत के लिए ज़ोनल कार्यों का निष्पादन । निविदा मूल्य (रू): 1,40,06,589/-, अमानत राशि (रू): 2,80,100/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30.06.2027 तक ।

क्रम सं. (5): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-157-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डो (अर्थात सारागांव रोड, चाम्पा एवं नैला) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण । निविदा मूल्य (रू): 3,36,69,988/-, अमानत राशि (रू): 6,73,400/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह ।

क्रम सं. (6): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-158-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डो (अर्थात खरसिया, झाराडीह, सक्ति एवं बाराद्वार के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते/ पाथवे का निर्माण । निविदा मूल्य (रू): 5,55,11,648/-, अमानत राशि (रू): 11,10,200/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह ।

क्रम सं. (7): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-159-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डो (अर्थात रायगढ़, जेएसडब्ल्यू, भूपदेवपुर, एसपीओसीएल एवं रॉबर्टसन) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण । निविदा मूल्य (रू): 10,67,13,495/-, अमानत राशि (रू): 21,34,300/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह ।

क्रम सं. (8): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-160-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात हिमगीर, बीएसएमए, दघोरा, आमगा एवं कोलरलिया) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण । निविदा मूल्य (रू): 9,70,23,266/-, अमानत राशि (रू): 19,40,500/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह ।

क्रम सं. (9): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-161-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात ईब, ब्रजराजनगर, लाजकुरा एवं बेलपहार) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण । निविदा मूल्य (रू): 6,84,46,458/-, अमानत राशि (रू): 13,68,900/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह ।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि:- दिनांक 11.08.2026 से । निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:- दिनांक 25.08.2026 के 11:00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

मंडल रेल प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/324 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

ईडी का एक्शन: 2,000 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले में करोड़ों की संपत्ति जब्त

182 बैंक खाते हुए फ्रीज

भुवनेश्वर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,000 करोड़ रुपये के बहु-राज्यीय चिट फंड घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान 182 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। इसके साथ ही 1 करोड़ रुपये से अधिक नकद और छह महंगी कारें जब्त की हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी है।

ईडी ने क्या बताया?

एक्स पर एक पोस्ट में, ईडी ने कहा कि उसके भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय ने चिट फंड घोटाले की जांच के सिलसिले में विशाखापत्तनम और हैदराबाद में वेलफेयर बिल्डिंग्स एंड एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों से जुड़े पांच परिसरों पर 5 अगस्त को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत तलाशी अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पूर्व आंध्र प्रदेश विधायक मल्ला विलाया प्रसाद, वराह रामकृष्ण सत्य सिनिवास राव अल्ला और अन्य के परिसरों पर छापे मारे गए।

केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि छापेमारी के दौरान, डब्ल्यूबीईपीएल, उसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं से विभिन्न चल और अचल संपत्तियों, आपत्तिजनक सामग्री/दस्तावेजों (संपत्ति दस्तावेज, विभिन्न डिजिटल उपकरण) के साथ-साथ 1.01 करोड़ रुपये की भारतीय मुद्रा नकद बरामद कर जब्त की गई। ईडी ने डब्ल्यूबीईपीएल और उसके निदेशकों के छह महंगी लग्जरी गाड़ियों को जब्त करने के साथ-साथ 182 बैंक खातों को फ्रीज करने के आदेश भी जारी किए हैं।

ईडी के भुवनेश्वर कार्यालय ने ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), सीबीआई और झारखंड के भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसीबी) की ओर से दायर कई एफआईआर और उसके बाद की चार्जशीट के आधार पर जांच शुरू की।

झारखंड में लाठीचार्ज पर दीपके का तीखा सवाल

रांची। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफआंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर अब राजनीतिक और सामाजिक समर्थन भी सामने आने लगा है। कॉकरोच जनता पार्टी (ष्टछ्वक्क) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो से अस्पताल में वीडियो कॉल पर बातचीत कर उनका हाल जाना और प्रदर्शन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी आंदोलनकारी छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की अपील की है।

कब रिलीज हो पाएगी 'रणबाली'?



मुंबई। रश्मिका मंदाना इन दिनों घर पर आराम कर रही हैं। बीते दिनों उन्हें एक फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर चोट लग गई थी, जिससे वह धीरे-धीरे उबर रही हैं। हालांकि, अभी भी बड़ा सवाल यह है कि क्या रश्मिका की इस चोट से उनकी फिल्म 'रणबाली' की रिलीज पर फर्क पड़ेगा? जानें फिल्म रिलीज होगी यह फिल्म।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
26/SE E/M/2026-27 (II Call) System Tender No 197160 OEM/Authorized Dealer Form B (Item rate)	Providing Comprehensive annual maintenance and repairing work of 63 No. lift machines installed at various residential blocks in Sec-27 , Sec-29, New CM house and Transit Hostel Under PWD E/M Sub Division Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) (Approved Make - Kone/T.K.E./ESKAY)	Rs 104.24 Lacs
27/SE E/M/2026-27 (II Call) System Tender No 197183 OEM/Authorized Dealer Form B (Item rate)	PROVIDING COMPREHENSIVE ANNUAL MAINTENANCE CONTRACT FOR 22 No. LIFT MACHINE INSTALLED AT G.A.D. COLONY, SECTOR-17, NAVA RAIPUR,C.G	Rs 35.77 Lacs

Date of bid submission 22.08.2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D. (E &M) Circle Raipur (C.G.)

G-262702706/6

2025 में दुनिया का नंबर-1 शिप रिसाइक्लिंग राष्ट्र बना भारत, वैश्विक हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली/ए.। भारत वर्ष 2025 में जहाज रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में दुनिया में पहले स्थान पर रहा। एक आधिकारिक फैक्टशीट के अनुसार, वैश्विक जहाज रिसाइक्लिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 के 30.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 35.4 प्रतिशत हो गई है। भारत में जहाज रिसाइक्लिंग की मात्रा भी 2024 के 1.86 मिलियन ग्रॉस टन से बढ़कर 2025 में 2.99 मिलियन लज्ञ हो गई। यह लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि है। फैक्टशीट के अनुसार, गुजरात का अलंग-सोसिया शिप रिसाइक्लिंग क्लस्टर भारत की जहाज रिसाइक्लिंग क्षमता की रीढ़ है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा जहाज रिसाइक्लिंग केंद्र माना जाता है और भारत की कुल जहाज रिसाइक्लिंग गतिविधियों में इसकी हिस्सेदारी करीब 98 प्रतिशत है। अलंग-सोसिया क्लस्टर की वार्षिक रिसाइक्लिंग क्षमता करीब 60 लाख लज्ञ है। यहां प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किए बिना हर साल लगभग 3.50 मिलियन मीट्रिक टन स्टील का उत्पादन किया जाता है। इस क्षेत्र में अधिकृत जहाज रिसाइक्लिंग यार्ड, स्टील की डाउनस्ट्रीम री-रोलिंग मिलें और कचरा प्रबंधन से जुड़ा बुनियादी ढांचा मौजूद है।

पिछले कुछ वर्षों में अलंग-सोसिया क्लस्टर का व्यापक आधुनिकीकरण किया गया है, जिससे यह वैश्विक जहाज रिसाइक्लिंग बाजार में भारत का प्रमुख केंद्र बन गया है। भारत अब अपनी जहाज रिसाइक्लिंग क्षमता को लगभग दोगुना करके करीब 9 मिलियन लाइट डिस्प्लेसमेंट टन करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर
जिला सरगुजा छ.ग.

:: ईश्तहार ::

लखनपुर दिनांक 02.08.2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम अंधला को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जगेश्वर राम के पिता स्व.श्री नंगराहा की मृत्यु ग्राम अंधला मे दिनांक 07.04.2014 को होना बताते हुए जन्म/मृत्यु रजिस्टीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 नियत (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतू आवेदक इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 17.08.26 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय की पेशी 17.08.26 तक अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
तहसीलदार
लखनपुर सरगुजा (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone- 10
Email:- rmczone10@gmail.com

e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO:- 16 **RAIPUR DATED- 10.08.2026**

Online bids are invited for the following works up to **25.08.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract
01	197271	कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54 अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य।	17.19 Lakh
02	197273	बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 अंतर्गत डूमरतराई में दईहान चौक में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य।	15.54 Lakh

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **10.08.2026, 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE- 10
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन

हमर छत्तीसगढ़ के
पहिली लोक परब

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हरेली तिहार
के गाड़ा-गाड़ा बधाई

12 अगस्त 2026

कृषकों का आर्थिक सशक्तीकरण

- ढाई वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में **₹1.50 लाख करोड़** से अधिक अंतरित
- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि : 25 लाख** से अधिक किसानों को **₹11,277 करोड़** का भुगतान

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना

- भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष **₹10,000** की आर्थिक सहायता

कृषि का आधुनिकीकरण

- जीएसटी 2.0 लागू होने से **कृषि उपकरण हुए सस्ते**

कृषक उन्नति योजना

- **₹3,100 प्रति क्विंटल** की दर से प्रति एकड़ **21 क्विंटल** धान खरीदी

फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन

- धान के अतिरिक्त अन्य खरीफ फसलों की खेती पर प्रति एकड़ **₹15,000** की आदान सहायता

आसान ऋण सुविधा

- खाद- बीज की खरीदी के लिए **ब्याज मुक्त ऋण**

हरियर धरती, खुशहाल किसान
समृद्धि और जनकल्याण, सुशासन की पहचान

S- 48731

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

शराब भट्ठी लूट कांड: कर्ज से छुटकारा पाने लूटने पहुंचे थे, पहुंच गए जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के गतौरा स्थित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कर्ज में लदे होने के कारण आरोपियों ने शराब भट्ठी में रखी नकदी रकम लूटने की योजना बनाई थी। लॉकर काटने के लिए गैस कटर, ग्राइंडर कटर मशीन, छेनी, रस्सी एवं चाकू सहित अन्य सामान की व्यवस्था की थी। आरोपियों ने पहले मोपका शराब भट्ठी में घटना को अंजाम देने का प्रयास किया, लेकिन आसपास चहल-पहल होने के कारण वहां से निकलकर गतौरा शराब भट्ठी पहुंचे।

घटना के बाद आरोपियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर नदी में

एक आरोपी फरार,डीवीआर को नदी में फेंककर फरार हो गए

फेंक दिया गया, ताकि पुलिस को साक्ष्य न मिल सके। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं स्कूटी, लूटे गए 02 मोबाइल फोन, गैस कटर, ग्राइंडर कटर मशीन, छैनी एवं धारदार चाकू सहित अन्य औजार पुलिस ने जब्त किया है। देवचरण सिन्हा, सुपरवाइजर, शासकीय कंपोजिट मदिरा दुकान गतौरा ने थाना मस्तूरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार 3 अगस्त को सुबह लगभग 3:30 बजे मदिरा दुकान में तैनात सुरक्षाकर्मी साहिल राय एवं हरकुंवर पंकज के पास अचानक 4 अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति पहुंचे। सभी आरोपी काले कपड़े पहने हुए थे। आरोपियों ने दोनों सुरक्षाकर्मियों के सिर एवं गर्दन पर धारदार चाकू अड़ाकर शराब दुकान की चाबी मांगी। इसके बाद आरोपियों ने शराब दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तथा ग्राइंडर कटर मशीन एवं छैनी के जरिए लॉकर तोड़ने का प्रयास किया, लॉकर तोड़ने में सफल नहीं हो सके। नकदी रकम नहीं मिलने पर आरोपियों ने दुकान के काउंटर में रखी शराब की कुछ बोतलें, दोनों सुरक्षाकर्मियों के 2 मोबाइल फोन तथा सीसीटीवी कैमरा एवं डीवीआर लेकर दोपहिया वाहनों से फरार हो गए।

पहले मोपका भट्ठी को लूटने की थी योजना

घटना के पहले चारों व्यक्ति देवरीखुर्द से सुशील निर्मलकर की नीले रंग की स्कूटी एवं पिंटू निषाद की मोटर साइकिल से निकले। चारों पहले बूटा पारा-फरहदा के रास्ते मोपका शराब भट्ठी पहुंचे। वहां आसपास अधिक चहल-पहल होने के कारण आरोपियों ने योजना को अंजाम नहीं दिया और चिल्हाटी-फरहदा होते हुए गतौरा शराब भट्ठी पहुंचे। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे कर्ज में लदे हुए थे। कर्ज से छुटकारा पाने एवं रुपए प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने अपने साथी अनिल ध्रुव उर्फ अन्ना, सुशील निर्मलकर एवं पिंटू निषाद के साथ मिलकर शराब भट्ठी में रखी नकदी रकम लूटने की योजना बनाई। योजना के तहत शराब दुकान के लॉकर को काटकर रकम निकालने के लिए गैस कटर, ग्राइंडर कटर मशीन, छेनी, रस्सी, चाकू सहित अन्य सामान की व्यवस्था की थी। गतौरा शराब भट्ठी पहुंचने के बाद आरोपियों द्वारा पूर्व नियोजित योजना के तहत सुरक्षाकर्मियों को चाकू दिखाकर धमकाया गया, उनके साथ मारपीट की गई तथा हाथ-पैर बांधकर शराब दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। आरोपियों ने ग्राइंडर कटर मशीन एवं छेनी की सहायता से लॉकर काटने का प्रयास किया, लेकिन लॉकर नहीं टूट सका। इसके बाद आरोपियों द्वारा शराब की बोतलें एवं सुरक्षाकर्मियों के मोबाइल फोन सहित सीसीटीवी कैमरा एवं डीवीआर लेकर फरार होने की जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

बच्चों ने उठाया नशामुक्ति का बीड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दोमुहानी, विकासखंड बिल्हा में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। सुबह 9 बजे स्कूल परिसर से शुरू हुई रैली गांव की गलियों से गुजरते हुए लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देती रही। रैली में शाला के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में नशामुक्ति से संबंधित पोस्टर और संदेश लेकर बच्चों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। बच्चों की इस पहल ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और रैली गांव में चर्चा का विषय बनी रही।

आदित्य अध्यक्ष

सुभाष सचिव चुने गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। अभिलाषा परिसर सोसाइटी की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सुनील राय ने नवीन कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की। संरक्षक मंडल एवं सदस्यों की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। आदित्य शुक्ला को अध्यक्ष, सुभाष सिंह को सचिव, सिद्धार्थ राठौड़ को सह सचिव तथा मनोज जायसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं नवनीता पाण्डेय, संदीप कुमार राठौर को निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किया गया।

लंबे समय से फरार 5 इनामी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए सोमवार रात सभी थानों में कांबिंग गश्त की। इसके बाद गुंडे-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इस अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों से 126 वारंटी समेत कई गुंडे-बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान, पुलिस टीमों ने पुराने मामलों में कोर्ट से फरार चल रहे वारंटियों के घरों और उनके छिपने के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे 28 स्थाई वारंटी और 98 गिरफ्तारी वारंटी सीधे पुलिस की गिरफ्त में आ गए। इसके अतिरिक्त, लंबे समय से फरार चल रहे 5 इनामी आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 43 निगरानी गुंडा-बदमाशों की जांच की गई, जिनमें से 13 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं, 5 अन्य की सघन चेकिंग की गई। 25 आदतन और संपत्ति संबंधी अपराधियों पर मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। जिले में चाकूबाजी और संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने आदतन अपराधियों की धरपकड़ तेज की।

कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने किया हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ, जनभागीदारी की अपील

वंदे मातरम् की गूंज के साथ हर घर तिरंगा अभियान को रफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वतंत्रता के गौरव को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिलासपुर में 'वंदे मातरम' और 'हर घर तिरंगा' अभियान को नई गति दी गई। जिला कार्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर किया। दोनों अधिकारियों ने अभियान के प्रति जनभागीदारी का संदेश देते हुए सेल्फी भी ली।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर और एसएसपी ने जिलेवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की पहचान भर नहीं, बल्कि गौरव, एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हर नागरिक जब अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराता है, तो इससे राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम केवल उद्घोष नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना है। ऐसे अभियानों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी देशभक्ति के संदेश को और व्यापक बनाती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल ने भी हस्ताक्षर कर अभियान के प्रति अपना समर्थन जताया। जिला कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मीडिया प्रतिनिधियों और जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों ने भी हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। लोगों ने हस्ताक्षर के माध्यम से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना व्यक्त की। हस्ताक्षर अभियान के जरिए जिले में 'वंदे मातरम' और 'हर घर तिरंगा' के संदेश को व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। अभियान के माध्यम से प्रशासन ने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

तिरंगा हाथ में, देशभक्ति दिल में, बहतराई में गूंजा राष्ट्रप्रेम

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाथों में लहराता तिरंगा, देशभक्ति के नारों से गूंजता परिसर और चेहरे पर राष्ट्रप्रेम का जोश बहतराई स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। खिलाड़ियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में खिलाड़ी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। तिरंगा लहराते हुए उन्होंने राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त की। यात्रा के दौरान पूरा सेंटर परिसर देशभक्ति के जज्बे से सराबोर नजर आया।

खिलाड़ियों में दिखा गजब का उत्साह

आयोजन के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल देश की पहचान नहीं, बल्कि हमारी एकता, गौरव, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को अभियान से जुड़ते हुए अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना चाहिए।

युवाओं में राष्ट्रप्रेम जगाने की पहल

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तिरंगा यात्रा का उद्देश्य खिलाड़ियों और युवाओं के बीच देशप्रेम की भावना को और मजबूत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना जागृत करना रहा। आयोजन के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान खिलाड़ियों का जोश और उत्साह यह संदेश दे रहा था कि खेल के मैदान में देश का मान बढ़ाने वाले ये युवा राष्ट्रप्रेम के मैदान में भी पीछे नहीं हैं।

सीयू ने जमीन देने का फैसला वापस लिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अग्रवाल समाज को करीब 5 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव वापस ले लिया है। एनएसयूआई और सतनामी समाज के लगातार विरोध के बाद विश्वविद्यालय ने यह फैसला रद्द किया। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के इस फैसले को छात्रहित की जीत बताया है। हालांकि, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि केवल प्रस्ताव वापस लेना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की जांच और कुलपति से जवाब मांगने की मांग की। सतनामी समाज ने भी इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि ज्ञापन लेने में देरी के कारण कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के दोनों गेट तोड़ दिए। बाद में अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन स्वीकार किया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। रंजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि विश्वविद्यालय की जमीन विद्यार्थियों के भविष्य की धरोहर है। उन्होंने प्रस्ताव की पूरी प्रक्रिया, संबंधित फाइल और बैठक की कार्रवाई की जांच की मांग की।

कलेक्टर अग्रवाल को बहनों ने बांधी श्रावण की पहली राखी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के अवसर पर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र स्थित शिव अनुराग भवन पहुंचे। यहां बहनों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए श्रावण मास की पहली राखी बांधी। बहनों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कलेक्टर ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा संचालित आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों की सराहना की।

इसी दौरान देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र रथ-2026' भी शिव अनुराग भवन पहुंचा। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी एवं बहनों ने सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए रक्षा सूत्र भेंट किए। इन रक्षा सूत्रों के साथ जवानों के लिए स्नेह और शुभकामना संदेश तथा छत्तीसगढ़ की पवित्र मिट्टी भी भेजी जा रही है।पूर्व सैनिक को भी बांधी राखी रक्षा सूत्र रथ के साथ पहुंचे पूर्व सैनिक महेंद्र प्रताप सिंह राणा को ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में देश की सुरक्षा में सैनिकों के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। ब्रह्माकुमारीज की ओर से कहा गया कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। देश की सीमाओं की रक्षा में दिन-रात जुटे जवानों तक रक्षा सूत्र पहुंचाकर उन्हें यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिकता, राष्ट्रसेवा और सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव दिखाई दिया। रक्षा सूत्र रथ के माध्यम से जवानों तक प्रेम, सम्मान और आत्मिक शक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की पहल

हासी देवी की 200वीं जयंती पर जारी होगा स्मारक सिक्का

बिलासपुर/नवप्रदेश। शदाणी दरबार, रायपुर की पंचम पीठाधीश पूज्य माता हासी देवी की 200वीं जयंती के अवसर पर 200 मूल्यवर्ग का स्मारक सिक्का जारी करने की दिशा में केंद्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य तथा बिलासपुर सांसद तोखन साहू के प्रयासों को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

साहू ने 30 जून को केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर माता हासी देवी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में 200 मूल्यवर्ग का स्मारक सिक्का जारी करने का आग्रह किया था। उनके इस आग्रह पर भारत सरकार ने 9 जुलाई को भारत के राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर स्मारक सिक्के के निर्गमन को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में केंद्रीय राज्य मंत्री वित्त पंकज चौधरी ने 7 अगस्त को तोखन साहू को पत्र भेजकर भारत सरकार के निर्णय की जानकारी दी। पत्र में उन्होंने बताया कि माता हासी देवी जी की 200वीं जयंती के अवसर पर 200 मूल्यवर्ग के स्मारक सिक्के के निर्गमन हेतु राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। तोखन साहू की पहल से छत्तीसगढ़ की महान आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

नयापारा में एक ही फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी के शव

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के नयापारा में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक घर के भीतर पति-पत्नी के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों की मौत की खबर सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को फंदे से उतरवाकर जांच शुरू कर दी।

मृतकों की पहचान रमेश सिंह बंजारा 35 वर्ष और उनकी पत्नी माया बंजारा 30 वर्ष के रूप में हुई है। रमेश सिंह बंजारा मूल रूप से अनूपपुर जिले के जामकछार, मध्यप्रदेश का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी माया के साथ सिरगिट्टी के नयापारा में रहकर जीवन-यापन कर रहा था। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह दोनों के घर के भीतर फांसी पर लटके होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच शुरू की तो दोनों के शव एक ही फंदे पर मिले। दंपती की एक साथ हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि पति-पत्नी ने एक साथ यह कदम उठा लिया? क्या दोनों किसी पारिवारिक परेशानी से जूझ रहे थे? आर्थिक तंगी या आपसी विवाद इसकी वजह था? या फिर घटना के पीछे कोई और कहानी छिपी है? फिलहाल इन सवालों का जवाब पुलिस के पास भी नहीं है। पुलिस को घटनास्थल से ऐसी कोई स्पष्ट वजह नहीं मिली है, जिससे मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। लिहाजा पुलिस आसपास रहने वाले लोगों, परिचितों और मृतकों से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। दंपती के पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना की जानकारी मृतकों के स्वजन को दे दी गई है। स्वजन के पहुंचने के बाद उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभावित पहलू की जांच कर रही है। दंपती की मौत से पहले उनके बीच क्या चल रहा था और आखिर किस परिस्थिति में दोनों ने एक साथ जान देने जैसा कदम उठाया, यह अभी रहस्य बना हुआ है। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ ही इस रहस्यमयी मौत की असली वजह सामने आने की उम्मीद है।

सुर संध्या: 'वॉइस ऑफ मोहम्मद अजीज' में बिजय अजीज ने बिखेरा सुरों का जादू , देर रात तक झूमते रहे संगीत प्रेमी

मोहम्मद अजीज के सदाबहार गीतों से गूंजा लखीराम ऑडिटोरियम

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुरों और पुरानी यादों का ऐसा संगम हुआ कि संगीत प्रेमी देर रात तक लखीराम ऑडिटोरियम में अपनी कुर्सियों पर जमे रहे। रविवार को मौका था 'वॉइस ऑफ मोहम्मद अजीज' संगीतमय कार्यक्रम का, जहां कोलकाता के प्रसिद्ध गायक बिजय अजीज ने पार्श्व गायक स्वर्गीय मोहम्मद अजीज के सदाबहार नगमों को अपनी आवाज में पेश कर पूरा सभागार झूमने पर मजबूर कर दिया। गीतों की एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों से ऑडिटोरियम देर रात तक तालियों से गूंजता रहा।

लोकप्रिय गीतों की गूंज

बिजय अजीज ने अपनी दमदार और भावपूर्ण आवाज में मोहम्मद अजीज के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। 'आप के आ जाने से', 'खुदा गवाह', 'प्यार हमारा अमर रहेगा', 'इमली का बूटा, बेरी का पेड़' सहित कई चर्चित गीतों ने श्रोताओं को पुरानी यादों में पहुंचा दिया। जैसे ही गीतों की धुनें गूंजीं, दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ गायक का साथ दिया। कई प्रस्तुतियों के दौरान पूरा सभागार सुरों में डूबा नजर आया। आयोजन को सफल बनाने में न्यू सिंगिंग ग्रुप बिलासपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दीपक मिश्रा, श्रुति नाइक, सादिक, योगेश पांडेय, सतीश अग्रवाल, वीरेंद्र गहवई, नरेंद्र सिंह चंदेल, योग आनंद साहू, ऋषि गोस्वामी सहित ग्रुप से जुड़े गीत-संगीत प्रेमियों ने आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय सहभागिता निभाई। सुर, संगीत और स्मृतियों से सजी यह शाम बिलासपुर के सांस्कृतिक आयोजनों में एक यादगार शाम बन गई। आयोजकों का उद्देश्य स्वर्गीय मोहम्मद अजीज के अमर गीतों को नई पीढ़ी और संगीत प्रेमियों तक पहुंचाना था, जो कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियों के बीच पूरी तरह साकार होता नजर आया।

संगीत तन-मन को रखता है स्वस्थ- रेवती

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवसेना जिला अध्यक्ष रेवती यादव ने कहा कि उन्हें गीत-संगीत सुनना बेहद पसंद है। संगीत तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ की न्यायधानी होने के साथ संस्कारधानी भी है। ऐसे आयोजन शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं और युवा कलाकारों को मंच देने के साथ संगीत प्रेमियों को अच्छा गीत-संगीत सुनने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजकों को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

गायकी में झलकी मो. अजीज के सुर

बिजय अजीज की गायकी में मोहम्मद अजीज की शैली और आवाज की झलक महसूस हुई। पुराने गीतों को सुनकर बड़ी संख्या में दर्शक भावुक भी हुए तो कई गीतों पर संगीत प्रेमी झूमते नजर आए। खास बात यह रही कि कार्यक्रम ने नई पीढ़ी के श्रोताओं को भी मोहम्मद अजीज के अमर गीतों से जोड़ने का काम किया।

एंकरिंग ने बांधी शमां

कार्यक्रम का संचालन मुंबई के चर्चित एंकर नफीस सयानी ने किया। उनकी दमदार आवाज, सहज अंदाज और प्रभावी एंकरिंग ने कार्यक्रम को लगातार जीवंत बनाए रखा। गीतों के बीच उनकी प्रस्तुति और संवाद ने दर्शकों को पूरे कार्यक्रम से जोड़े रखा।

विकास की अंधी दौड़ : बेमेतरा-मुंगेली सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों हरे-भरे पेड़ों की 'बलि'

बेमेतरा-मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में पीडब्ल्यूडी, राजस्व व वन विभाग की साझेदारी से 3123 पेड़ों की कटाई का रिकॉर्ड

बेमेतरा/नवप्रदेश। एक तरफ जहां देश और प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे बड़े अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का ढोल पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शासकीय कार्यों की आड़ में पर्यावरण का गला घोंटने का एक बड़ा मामला सामने आया है।

जिलें में बेमेतरा से मुंगेली के बीच चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य की आड़ में हजारों हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई कर 'बलि' दे दी गई है। सड़क किनारे बचे पेड़ों के ठूंठ अब चिल्ला-चिल्लाकर इस विनाश की गवाही दे रहे हैं।

पीडब्ल्यूडी ने ताक पर रखे नियम, बड़ी गड़बड़ी की आशंका: सूत्रों की मानें तो इस पूरी कटाई प्रक्रिया में पीडब्ल्यूडी ने स्थापित सरकारी नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया है। जानकारों का कहना है कि यदि निम्नलिखित बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की जाए, तो एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। पेड़ों की वास्तविक संख्या कागजों में जितने पेड़ दिखाए गए हैं, जमीन पर उससे कहीं ज्यादा काटे गए हैं। कटाई की मात्रा और भंडारण कटे हुए पेड़ों की लकड़ी की मात्रा और उसके भंडारण के हिसाब में भारी हेरफेर की आशंका है। पूरे सड़क मार्ग का अवलोकन करने पर पेड़ों की कटाई के पूर्व और बाद की स्थिति देखकर स्वतः ही अनुमान लगाया जा सकता हैं कि कितने पेड़ों की कटाई की गई होंगी। यदि इसका मिलान किया जाए, तो हकीकत की पोल खुल जाएगी।

116 करोड़ का प्रोजेक्ट, पर्यावरण को अरबों का नुकसान

केंद्रीय सड़क निधि मद से स्वीकृत 116 करोड़ रुपए की भारी लागत से बेमेतरा-मुंगेली के बीच 43 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य प्रगति पर है। विकास का यह रास्ता लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है।

कटाई आम से लेकर खास की

सड़क निर्माण में काटे गए पेड़ों में आम से लेकर खास, हर प्रजाति के पेड़ शामिल थे, जो दशकों से राहगीरों को छांव और क्षेत्र को ऑक्सीजन दे रहे थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन इस तरह की अंधाधुंध कटाई ने पूरे इलाके व मार्ग को पर्यावरण विहीन में तब्दील कर दिया है।

शासकीय कार्य के नाम पर मनमानी: ठेकेदार और अधिकारियों की जुगलबंदी ने शासकीय कार्य का बहाना बनाकर नियमों की धज्जियां उड़ा दी हैं। वहीं पेड़ो की कटाई के संबंध में शामिल विभागो (श्व2स्र, राजस्व, वन) द्वारा जानकारी देने में एक दूसरे के ऊपर ठिकरा फोड़ा जा रहा हैं।

भरपाई की कोई योजना नहीं, खोखले साबित हो रहे सरकारी दावे: सबसे चौंकाने वाली और चिंताजनक बात यह है कि इस भारी तबाही के बाद हजारों पेड़ों की कटाई की भरपाई के लिए विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं है। एक तरफआम जनता से पौधा लगाने की अपील की जा रही है, वहीं दूसरी तरफसरकार की नाक के नीचे चल रहे इस प्रोजेक्ट ने पर्यावरण को ऐसा जख्म दिया है जिसकी भरपाई मुमकिन नहीं दिखती। क्या सरकार व प्रशासन का यहीं हैं पर्यावरण संरक्षण की बातें। बड़ा सवाल क्या विकास की कीमत सिर्फ पर्यावरण को उजाड़कर ही चुकाई जा सकती है? आखिर नियमों को दरकिनार करने वाले पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई कब होगी? इस मामले में अब देखना यह होगा कि पर्यावरण विभाग और उच्च अधिकारी इस मनमानी का संज्ञान लेते हैं या कागजी विकास के नीचे इस विनाश की कहानी को दबा दिया जाएगा।

> पेड़ो की कटाई संबंधी समस्त जानकारी वन विभाग के द्वारा दी जाएगी, क्योंकि पेड़ों की कटाई का कार्य उनके द्वारा ही किया गया हैं। इस संबंध में हमारे पास कोई जानकारी नहीं हैं।
>
> **- डीके चंदेल,**
> ईई, पीडब्ल्यूडी बेमेतरा

> बेमेतरा मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में आने वाले पेड़ों का पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मार्किंग कर दिया गया था, जिसके बाद वन विभाग द्वारा कटाई का कार्य किया गया। इस मार्ग पर कुल 3123 पेड़ों की कटाई की गई है। वृक्षारोपण की कार्य योजना अभी तक नहीं बनाई है।
>
> **- राम पटेल,**
> रेंजर, वन विभाग बेमेतरा

न्यूज गैलरी

सड़क के गड्ढों में भरे पानी में ग्रामीणों ने लगाए कनेर के फूल

कवर्धा/नवप्रदेश। अमलीमालगी-दामापुर से कवर्धा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बेहद खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली को लेकर लोगों ने अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने गड्ढों में भरे पानी के बीच कनेर के फूल लगाकर सड़क की स्थिति की ओर जिम्मेदार विभाग का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बारिश के दौरान गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है। इससे आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है। मौके पर प्रशांत खांडे, इंद्रजीत चतुर्वेदी, लखन सिगरौल, शुभम, दुरबीन, अंशू, ओमकार, रोहित, टेकराम, पंचू, राजेश, महेंद्र, भोली, पुसईया, सतरूपा, मेघऊ, फुलवारी, निर्मल, नागेश्वर और अरुण सहित आसपास के सभी गांवों के लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि मार्ग का जल्द निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।

ऑटो रोककर यात्री की जेब से 2500 छीने, दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। छावनी थाना क्षेत्र में ऑटो में सवार यात्री की जेब से 2,500 रुपये छीनकर फरार होने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 537/2026 के तहत धारा 304(2), 3(5) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त 2026 को प्रार्थी उमाशंकर प्रसाद श्रीवास्तव ने थाना छावनी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे पावर हाउस से सामान खरीदकर ऑटो क्रमांक ष्टत्त 07 ञ्ज 3083 से कैलाश नगर, जामुल स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान महाराणा प्रताप बरदाना दुकान के पास ऑटो चालक ने वाहन रोक दिया। इसके बाद चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर यात्री की जेब से 2,500 रुपये छीन लिए और दोनों मौके से फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद छावनी पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की। पुलिस टीम ने जांच के दौरान दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने यात्री की जेब से 2,500 रुपये छीनने की वारदात स्वीकार की। इसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों का तरीका यह था कि वे यात्री को ऑटो में बैठाते थे और निर्धारित स्थान के आसपास ऑटो रोककर यात्री की जेब से रुपये छीनने के बाद मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस ने मामले में सुलेन्दर सिंह उर्फमोना (42 वर्ष) निवासी सुभाष चौक, कैम्प-01, भिलाई और आरीफ खान (44 वर्ष) निवासी सुभाष चौक, कैम्प-01, भिलाई को गिरफ्तार किया है। घटना में छीनी गई 2,500 रुपये की राशि के संबंध में पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की त्वरित पतासाजी, पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई में छावनी थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यात्रा अथवा सार्वजनिक स्थानों पर अपने सामान और नगदी की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

गांजा तस्करी के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा, एक लाख जुर्माना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफपुलिस की कार्रवाई को बड़ी सफलता मिली है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा 53 किलो 100 ग्राम गांजा तस्करी के मामले में की गई ठोस विवेचना और प्रभावी न्यायालयीन पैरवी के बाद विशेष न्यायालय बलौदाबाजार ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। विशेष न्यायालय बलौदाबाजार की पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी ने यह फैसला 8 अगस्त 2026 को सुनाया। आरोपी कृष्णेन्द्र उर्फकन्हैया त्रिपाठी (20 वर्ष) निवासी डाम्हा, थाना नागौद, जिला सतना (मध्य प्रदेश) को NDPS Act की धारा 20(ii)(C) के तहत दोषी ठहराया गया। पुलिस के अनुसार, 21 जनवरी 2024 को थाना गिधौरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वर्ना कार क्रमांक MP 19 CA 9503 में भारी मात्रा में गांजा भरकर भटगांव की ओर से गिधौरी होते हुए कसडोल की तरफले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नवीन अमलीडीह रोड के पास घेराबंदी की।

मामला खुलने के बाद मचा हड़कंप, आयुष्मान घोटाला या तकनीकी लापरवाही बड़ा सवाल

मृत आरक्षक को 42 दिन 'भर्ती' दिखाने की जांच शुरू, रायपुर भेजी जा रही रिपोर्ट

अम्बिकापुर/जशपुर। अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जशपुर के दिवंगत आरक्षक देवनारायण राम की मौत के 42 दिन बाद भी आयुष्मान रिकॉर्ड में उन्हें भर्ती दिखाए जाने और 'स्वस्थ होने का संदेश' भेजने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने और मृतक की पत्नी सीमा कुजूर द्वारा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग के बाद अब स्वास्थ्य महकमा और अस्पताल प्रबंधन इस बड़ी चूक की परतें खंगालने में जुट गया है। अस्पताल प्रबंधन ने प्रारंभिक सफाई में इसे एक 'ऑटो-जेनरेटेड' (स्वचालित) संदेश प्रणाली की तकनीकी त्रुटि बताया था। हालांकि, एक मृत व्यक्ति का आयुष्मान खाता पोर्टल पर इतने दिनों तक सक्रिय रहना और डिस्चार्ज की प्रक्रिया में इतनी बड़ी देरी होना, सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है।

अस्पताल प्रबंधन की सफाई: 'सिर्फ5 दिन का कटा है बिल'

मामले की गंभीरता को देखते हुए अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि मरीज देवनारायण राम 26 जून से 30 जून तक आईसीयू में भर्ती थे और 30 जून को ही उनका आयुष्मान कार्ड ब्लॉक कर दिया गया था। अस्पताल के दावों के अनुसार, कार्ड से केवल 5 दिनों के इलाज की राशि काटी गई है। ऐसे में 42 दिनों तक मरीज को सिस्टम में सक्रिय दिखाए जाने के पीछे सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामी है या इसके पीछे कोई बड़ा आयुष्मान घोटाला छिपा है, यह जांच का मुख्य बिंदु बन गया है।

रायपुर मुख्यालय को लिखा जा रहा पत्र

अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के विसंगतिपूर्ण संदेशों से पीड़ित परिवार को होने वाली मानसिक प्रताड़ना बेहद खेदजनक है। सिस्टम में इस तरह के लूपहोल को ठीक करने और इसकी असल वजह का पता लगाने के लिए रायपुर स्थित राज्य आयुष्मान नोडल एजेंसी और संबंधित विभाग को विस्तृत पत्र लिखा जा रहा है।

पीड़िता का सवाल- 'क्या गरीबों के नाम पर हो रहा है फर्जीवाड़ा?'

मृतक आरक्षक की पत्नी सीमा कुजूर, जो स्वयं जशपुर जिला अस्पताल में स्टाफनर्स हैं, ने इस पूरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, 'जब 30 जून को अस्पताल ने स्वयं मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर दिया था, तो आयुष्मान सारथी पोर्टल को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई? यदि मैं स्वास्थ्य विभाग में नहीं होती, तो शायद इस गड़बड़ी को कभी पकड़ ही नहीं पाती। यह जांच का विषय है कि क्या छत्तीसगढ़ में गरीबों के आयुष्मान कार्डों का इस्तेमाल उनकी मौत के बाद भी फर्जी बिलिंग के लिए किया जा रहा है?

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य मामलों के जानकारों का कहना है कि यदि आयुष्मान पोर्टल पर मरीज को 'डिस्चार्ज' या 'मृत' समय पर अपडेट नहीं किया जाता, तो अस्पताल के क्लेम और डेटा में भारी अंतर आ जाता है।

नकली पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग को ठगा, गांजा रखने का दिखाया डर

सोने के गहने उतरवाए, और पन्नी में थमा दिए नकली जेवर

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निहारिका इलाके में नकली पुलिसकर्मी बनकर बुजुर्ग से ठगी करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक बुजुर्ग को गांजा रखने की बात कहकर डराया। इसके बाद जांच के नाम पर उनके सोने के गहने उतरवा लिए और असली गहनों की जगह नकली जेवर पन्नी में रखकर थमा दिए।

वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है। पीड़ित की पहचान खरमोरा निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी समीर चट्टोपाध्याय के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, वे बाइक से निहारिका क्षेत्र में नारियल पानी पीने गए थे। वहां से घर लौटते समय बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनका पीछा किया। कुछ दूरी आगे जाकर दोनों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि वे काफी देर से उन पर नजर रख रहे हैं और इलाके में पुलिस की रेड चल रही है। आरोपियों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके पास गांजा होने की सूचना मिली है। पुलिस का नाम सुनकर पीड़ित घबरा गए। इसी दौरान आरोपियों ने उनसे एक कागज पर हस्ताक्षर भी करवाए। बताया जा रहा है कि हस्ताक्षर कराने के बहाने एक आरोपी ने बुजुर्ग के गले से सोने की चेन और हाथ से अंगूठी उतरवा ली। इसके बाद आरोपियों ने गहनों को एक पन्नी में रखने का दिखावा किया और दूसरी पन्नी बुजुर्ग को थमा दी। पीड़ित को उस समय भरोसा था कि उनके असली गहने सुरक्षित रख दिए गए हैं। बुजुर्ग जब घर पहुंचे और पन्नी खोलकर देखी तो उनके होश उड़ गए।

चलती बोलेरो से बाहर निकलकर खतरनाक स्टंट, ड्राइवर गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर ज्यादा व्यूज और लाइक्स पाने के लिए युवाओं में खतरनाक स्टंट कर वीडियो बनाने का चलन बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के कोरबा के हेलीपैड क्षेत्र से सामने आया है, जहां चलती बोलेरो की खिड़की से बाहर निकलकर एक युवक खतरनाक स्टंट करता नजर आया। वायरल वीडियो में युवक के हाथ में शराब की बोतल भी दिखाई दे रही है।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की। वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बोलेरो चालक राहुल पटेल की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। स्टंट में इस्तेमाल बोलेरो को भी जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कुछ युवक बोलेरो वाहन क्रमांक ब्ळ 12 ठझ 5855 में सवार होकर कोरबा के हेलीपैड क्षेत्र पहुंचे थे। वायरल वीडियो में वाहन के चलते समय एक युवक खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करता दिखाई दे रहा है। वीडियो में युवक के हाथ में शराब की बोतल भी नजर आ रही है। चलती गाड़ी में इस तरह की लापरवाही से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

बताया जा रहा है कि युवकों ने स्टंट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। वीडियो सामने आने के बाद मानिकपुर चैकी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वायरल वीडियो और उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वाहन तथा उसमें सवार युवकों की पहचान की।

रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी मारपीट और धोखाधड़ी के मामले भी दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान चोरी, धोखाधड़ी, मारपीट और सड़क दुर्घटना से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर 3.90 लाख की धोखाधड़ी: देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर करीब 3 लाख 90 हजार 960 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने प्रार्थी तेजस्वी पाण्डेय और उसके परिचितों को शेयर बाजार में मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि एसी और मोबाइल फोन फाइनेंस कराकर उनकी बिक्री के माध्यम से रकम प्राप्त की गई, लेकिन बाद में राशि वापस नहीं की गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर चोरी: टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा कॉलोनी स्थित श्री गुरु ज्वेलर्स में अज्ञात चोर ने दुकान का शटर/ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आरोपी दुकान से सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मां को गाली देने से रोकने पर युवक से मारपीट: खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतमपुर कला में मां को गाली देने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के मुताबिक, आरोपी मिथुन मारकंडे और पुरण मारकंडे प्रार्थी की मां को गाली दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

नक्सलियों तक विस्फोटक पहुंचा तीन आरोपियों पर दोष साबित

नारायणपुर/नवप्रदेश। नक्सल गतिविधियों के लिए विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के मामले में विशेष न्यायालय एनआईए एक्ट, नारायणपुर ने तीन आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए विभिन्न धाराओं में कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध आरोपियों में चमेली बाई, रवि मरकाम उर्फसुशील और कोसरू वड्डे शामिल हैं। प्रकरण के अनुसार, 19 मार्च 2024 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तारागांव में कुछ लोगों द्वारा जड़ी-बूटी बेचने के सामान के बहाने गठरियों में पोटेशियम नाइट्रेट, कॉर्डेक्स वायर और डेटोनेटर जैसे विस्फोटक पदार्थ छिपाकर रखे गए हैं। सूचना के आधार पर नारायणपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 4 डेटोनेटर, 7 बोरी पोटेशियम नाइट्रेट, 7 मीटर लाल रंग का कॉर्डेक्स वायर और 2 मोबाइल फोन बरामद किए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम विवेचना राज्य अन्वेषण अभिकरण, पुलिस मुख्यालय रायपुर को सौंपी गई। विवेचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस के अनुसार बरामद विस्फोटक सामग्री को नक्सली संगठन के सप्लायर और अन्य नक्सलियों तक पहुंचाने की योजना थी।

देवदत्त पटनायक की कृतियों पर किया विशिष्ट अध्ययन, शक्तिपीठों-ज्योतिर्लिंगों के प्रत्यक्ष अवलोकन से शोध को बनाया व्यापक

भारतीय पौराणिक कथाओं और मंदिर परंपराओं की गहराई तक पहुंचा शोध

संयुक्ता पाढ़ी को मिली पीएचडी की उपाधि

बालोद/नवप्रदेश। भारतीय पौराणिक साहित्य, मंदिर परंपराओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को अंग्रेजी साहित्य के अकादमिक अध्ययन से जोड़ते हुए संयुक्ता पाढ़ी को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने 'Narratives and Symbols in the Selected Works of Devdutt Pattanaik' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।

संयुक्ता पाढ़ी का शोध भारतीय पौराणिक आख्यानों, प्रतीकों और उनके सांस्कृतिक अर्थों की गहन पड़ताल पर केंद्रित रहा। शोध में यह समझने का प्रयास किया गया कि भारतीय पौराणिक कथाएं और उनसे जुड़े प्रतीक किस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सामाजिक चेतना को अभिव्यक्त करते हैं।

पुस्तकों से आगे मंदिरों तक पहुंचा शोध: इस शोध की सबसे खास बात यह रही कि इसे केवल पुस्तकीय अध्ययन तक सीमित नहीं रखा गया। विषय को व्यापक और प्रामाणिक स्वरूप देने के लिए संयुक्ता पाढ़ी ने अनेक शक्तिपीठों, ज्योतिर्लिंगों और स्थानीय मंदिरों का भ्रमण कर वहां की परंपराओं, प्रतीकों तथा पौराणिक मान्यताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न पौराणिक एवं विद्वतापूर्ण शोध-साहित्य के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित पुस्तकों का भी गहन अध्ययन किया। मंदिरों में प्रचलित परंपराओं और पौराणिक प्रतीकों को शोध के संदर्भ में समझने का प्रयास उनके अध्ययन को विशिष्ट बनाता है।

देवदत्त पटनायक से भी किया संवाद: शोध को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए संयुक्ता पाढ़ी ने प्रसिद्ध पौराणिक लेखक देवदत्त पटनायक से व्यक्तिगत मुलाकात कर अपने शोध विषय पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा उन्होंने अपने शोध से जुड़े निष्कर्षों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों में शोध-पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

विशेषज्ञ ने भी की शोध की सराहना: संयुक्ता पाढ़ी ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. शीला विजय, प्राध्यापक, डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. तरलोचन कौर संधू के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनका शोध केंद्र शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग रहा। उनकी अंतिम मौखिकी के बाह्य परीक्षक प्रो. नागेंद्र सिंह, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की रहे। उन्होंने शोध की सराहना करते हुए विशेष रूप से इस बात को महत्वपूर्ण माना कि अंग्रेजी विषय के शोध के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रभावी ढंग से अकादमिक विमर्श में प्रस्तुत किया गया।

सफल मौखिकी एवं शोध प्रतिरक्षण के उपरांत संयुक्ता पाढ़ी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका यह शोध भारतीय पौराणिक साहित्य, मंदिर संस्कृति और ज्ञान परंपरा को आधुनिक अकादमिक दृष्टि से समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com